# अप्रैल 2015

# Most IMP Current Affairs




**Useful For….**

**UPSC, GPSC, GAUN SEVA, PSI, SSC, CDS, NDA, AIR FORCE, NAVY, IB, IFS, RBI, IBPS, SBI, TAT, TET, HTAT, Railway, Post, LIC, GIC, AAO, GCET, MBA & All Competitive Exams**


Crack GPSC™

www.crackgpsc.com



www.crackgpsc.com

# अप्रैल 2015

## We are famous for…

**The Most IMP,**

**Authentic,**

**To the point,**

**Up to date**

**Material**




www.crackgpsc.com

# Most Imp Current Affairs – April 2015

## ➢ 1st week

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया 'गिव इट अप' अभियान का शुभारंभ**
  प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गिव इट अप अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत समाज के संपन्न तबकों से अनुरोध किया गया है की वह अपनी एलपीजी सब्सिडी त्याग दें ताकि सब्सिडी को समाज के जरूरतमंद लोगों को दिया जा सके। प्रधानमंत्री ने कम्पनियों और बैंकों से अनुरोध किया है की वह अपने कर्मचारियों को एलपीजी सब्सिडी त्यागने के लिए प्रोत्साहित करें।
- **न्यूज़ीलैंड के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज काइल मिल्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया।**
- **मुस्तफा कमाल का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा**
  मुस्तफा कमाल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने भारत-बांग्लादेश क्वार्टर फाइनल मुकाबले के बाद सार्वजनिक तौर पर मैच में अंपायरिंग के स्तर की निंदा की थी, जिसके बाद आईसीसी ने अपने ही अध्यक्ष की आलोचना की थी।
- **राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने गुजरात उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति की**
  राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने संविधान के अनुच्छेद 217 की धारा 1 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गुजरात उच्च न्यायालय में अतिरिक्त न्यायाधीशों (1) जस्टिस राजेन्द्र धीरजलाल कोठारी (2) जस्टिस अब्दुल्लाजह गुलामहमेद उरैजी को नियमित न्यायाधीश नियुक्त किया। उपरोक्त के साथ ही साथ राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेयद 224 की धारा 1 द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए (1) कौशल जयेन्द्रा ठाकेर और (2) रतिलाल परषोत्तमभाई ढोलरिया को 03 मई 2015 से एक वर्ष की अवधि के लिए गुजरात उच्च न्यायालय में अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया।
- **विश्व की सबसे वृद्ध महिला मिसाओ ओकावा का 117 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।**
- **गुजरात विधानसभा ने 'गुजटोक' विधेयक पारित किया**
  गुजरात विधानसभा ने आतंकवाद व संगठित अपराध रोकने हेतु 'गुजटोक' विधेयक (Gujarat Control of Terrorism and organized Crime Bill 2015) पारित किया। यह विधेयक पूर्व में विवादित रही 'गुजकोक' विधेयक के स्थान पर पारित हुआ। गुजकोक विधेयक को पहले तीन बार गुजरात विधानसभा से पारित किया जा चुका था, लेकिन राष्ट्रपति ने

www.crackgpsc.com

आपत्तिजनक प्रावधानों के कारण उसे मंजूरी नहीं दी। गुजरात सरकार पिछले 12 साल से आतंकवाद व संगठित अपराध रोकने के लिए कठोर कानून बनाने की कोशिश कर रही है। महाराष्ट्र के मकोका की तरह बनाए गए गुजकोक को वर्ष 2004 में तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम और 2008 में प्रतिभा पाटिल लौटा चुकी हैं। इसके बाद 2009 में इसे तीसरी बार पारित कर राष्ट्रपति को भेजा गया था, लेकिन यह अभी भी लंबित है।

➢ **प्रावधानों पर आपत्ति**

- ✓ इस विधेयक की धारा 14 के अनुसार किसी आरोपी की फोन पर बातचीत का टेप सुबूत के तौर पर कोर्ट में मान्य होगा। इस पर किसी अन्य कानून का कोई असर नहीं होगा। आपत्ति: भारतीय साक्ष्य अधिनियम में फोन पर बातचीत को सुबूत नहीं माना जाता है।
- ✓ धारा 16 के अनुसार आरोपी का पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी के समक्ष दर्ज कराया गया बयान सुबूत माना जाएगा। आपत्ति: दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के तहत किसी मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज बयान को ही सुबूत माना जाता है।
- ✓ धारा 20 (2) (बी) के अनुसार जांच पूरी करने या आरोप पत्र दायर करने की तय अवधि 180 दिन तक बढ़ाई जाएगी। आपत्ति:- वर्तमान में 90 दिन में आरोप पत्र पेश न हो तो आरोपी को रिहा कर दिया जाता है। छह माह तक बिना आरोप जेल में रखना अनुचित।
- ✓ धारा 20 (4) के तहत किसी आरोपी को निजी मुचलके पर रिहा नहीं किया जा सकेगा। आपत्ति:- यह प्रावधान असंवैधानिक है। यह आरोपी की रिहाई के अधिकार के खिलाफ है।
- ✓ गुजटोक में दर्ज केस की सुनवाई सिर्फ विशेष अदालतों में ही होगी। आपत्ति:- विशेष अदालतों में सुनवाई में देरी होने पर आरोपी त्वरित न्याय से वंचित रहेगा।

- **म्यांमार सरकार और विद्रोही गुटों के युद्ध विराम समझौते पर हस्ताक्षर**

  म्यांमार सरकार और 16 नृजातीय विद्रोही गुटों ने युद्ध विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह कदम म्यांमार की अर्द्ध असैनिक सरकार के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। म्यांमार यूनाइटेड किंगडम से 1948 में स्वतंत्र हुआ और यहाँ स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से सशस्त्र आंतरिक संघर्ष चल रहा है। म्यांमार का यह नागरिक संघर्ष विश्व के सबसे लम्बे समय तक चलने वाले संघर्षों में से एक है।

- **केवाईसी और एंटी मनी लॉन्ड्रिंग के दिशा-निर्देशों का पालन न करने के कारण जुर्माना**

  आरबीआई ने 16 केन्द्रीय सहकारी बैंकों पर पांच लाख रुपए का मौद्रिक जुर्माना लगाया। यह जुर्माना इन बैंकों पर केवाईसी और एंटी मनी लॉन्ड्रिंग के दिशा-निर्देशों का पालन न करने के कारण लगाया गया।

- **गुलशन राय भारत के पहले साइबर सुरक्षा प्रमुख नियुक्त**

  गुलशन राय ने साइबर सुरक्षा हेतु विशेष सचिव के रूप में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के आधीन भारत के पहले साइबर सुरक्षा प्रमुख के रूप में अपना कार्यभार संभाला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2015 में पीएमओ के आधीन इस नए पद का गठन किया है। नियुक्ति

www.crackgpsc.com

से पहले वह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग में कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी) के महानिदेशक थे। वह संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में ई-सुरक्षा और साइबर कानून प्रभाग के प्रमुख भी रहे हैं। राय को आईटी के विभिन्न क्षेत्रों में दो दशकों का अनुभव है और उन्होंने साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में विभिन्न पदों पर भी कार्य किया है।

- **जासूसी के आरोप में पेरू की प्रधानमंत्री अना जारा बर्खास्त**

  पेरू की प्रधानमंत्री अना जरा ने अपने पद से इस्तीफा दिया। वह कांग्रेस में विश्वास मत नहीं प्राप्त कर सकीं। अना जरा पर पेरू के सांसदों, बिजनेसमैन और पत्रकारों की जासूसी कराने का आरोप है। यह पहला मौका है जब कार्यकाल में रहते हुए प्रधानमंत्री को बर्खास्त किया गया है।

- **आईसीसी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट रैंकिंग सूची जारी**

  आईसीसी द्वारा जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट रैंकिंग में भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली एक दिवसीय क्रिकेट के बल्लेबाजों की रैंकिंग में चौथे स्थान पर है। एक दिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान ए.बी. डिविलियर्स शीर्ष पर हैं। गेंदबाजों में वर्ल्ड कप के प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे ऑस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क शीर्ष पर है।

- **वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया पहले स्थान पर**

  आईसीसी द्वारा जारी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट रैंकिंग की सूची में भारत को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। आईसीसी के अनुसार तालिका में ऑस्ट्रेलिया पहले स्थान पर है।

- **सीरिया के लिए 3.8 बिलियन डॉलर की सहायता की घोषणा**

  विश्व समुदाय ने सीरिया संकट को राहत प्रदान के उद्देश्य से कुवैत में आयोजित तीसरे अंतर्राष्ट्रीय मानवीय प्रतिबधता सम्मेलन में 3.8 अरब अमरीकी डॉलर की वित्तीय सहायता देने का वचन दिया। सीरिया में संघर्ष के कारण हर पाँच में से चार व्यक्ति गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं और इसके कारण पिछले 40 वर्षों का मानव विकास नष्ट हो गया है।

- **यमन से भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन राहत का शुभारम्भ**

  ऑपरेशन राहत : यमन से 4000 से अधिक भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए शुरू किया गया हवाई और समुद्री अभियान। इस अभियान में पाँच समुद्री जहाजों और चार हवाई जहाजों को शामिल किया गया है। ऑपरेशन राहत का उद्देश्य सऊदी अरब और 10 अन्य देशों द्वारा हाउती विद्रोहियों के खिलाफ शुरू किए गए सैन्य अभियान से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालना है। हाउती समूह ने यमन की राजधानी सना और संसद पर भी कब्ज़ा कर लिया है।

- **ब्रेंडन मॅक्कुलम वार्षिक न्यूजीलैंड क्रिकेट अवॉर्ड्स में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर घोषित**

  न्यूजीलैंड के कप्तान ब्रेंडन मॅक्कुलम वार्षिक न्यूजीलैंड क्रिकेट अवॉर्ड्स में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर घोषित किए गए। मॅक्कुलम के नेतृत्व में न्यूजीलैंड टीम पहली बार विश्व कप के

www.crackgpsc.com

फाइनल में पहुंची थी। मॅक्कुलम को सर्वोच्च पुरस्कार 'सर रिचर्ड हैडली' मेडल से सम्मानित किया गया।

- **राष्ट्रपति ने 'आतंक के साए में' नामक पुस्तक का विमोचन किया**
  उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने गरिमा संजय द्वारा लिखित पुस्तक 'आतंक के साए में' का विमोचन किया। पुस्तक में विश्व भर में फैले आतंकवाद और समाज पर पड़ने वाले उसके प्रभावों पर विचार किया गया है।
- **साहित्यकार डॉ. कैलाश वाजपेयी का निधन**
  साहित्यकार डॉ. कैलाश वाजपेयी का निधन हो गया। मुख्य रूप से वह हिन्दी के साहित्यकार थे, परन्तु उन्होंने हिंदी के साथ -साथ अंगेजी भाषा में भी लेखन कार्य किया। वह 'दार्शनिक मिजाज' के कवि थे।
- **नाइजीरिया में पूर्व सैन्य शासक मुहम्मद बुहारी ने राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता**
  अफ्रीकी देश नाइजीरिया में पूर्व सैन्य शासक मुहम्मदू बुहारी ने राष्ट्रपति पद का चुनाव भारी मतों से जीत लिया। नाइजीरिया वासियों ने राष्ट्रपति गुडलक जोनाथन को हराकर पूर्व सैन्य तानाशाह मुहम्मदू बुहारी को देश का नया शासक निर्वाचित किया। नाइजीरिया के इतिहास में यह पहली बार होगा जब किसी विपक्षी दल ने सत्तारूढ़ पार्टी से लोकतांत्रिक रूप से देश का नियंत्रण हासिल किया। जोनाथन की पार्टी देश में दशकों की सैन्य तानाशाही के 1999 में खत्म होने के बाद से शासन कर रही थी।
- **कोटक महिंद्रा और आईएनजी वैश्य बैंक के विलय को आरबीआई की मंजूरी**
  कोटक महिंद्रा बैंक और आईएनजी वैश्य बैंक के विलय को आरबीआई ने मंजूरी दी। इस विलय के बाद कोटक महिंद्रा निजी क्षेत्र का चौथा सबसे बड़ा बैंक बन जाएगा। कोटक महिंद्रा और आईएनजी वैश्य के बीच 15,000 करोड़ रुपए के विलय प्रस्ताव को प्रतिस्पर्धा आयोग तरफ से फरवरी 2015 में ही मंजूरी मिल गई थी।
- **सैन्य समूह जैश अल-फतह ने सिरियाई शहर इदलिब पर कब्जा किया**
  सैन्य समूह जैश अल-फतहः ने सीरियाई शहर इदलिब पर कब्जा कर लिया। यह समूह सात सशस्त्र गुटों का गठबंधन है। सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद के वफादारों और उनके नियमों का विरोध करने वाले विरोधियों के बीच सैन्य तकरार मार्च 2011 में शुरु हुई थी और तब से अब तक इसने करीब 2 लाख नागरिकों की जान ले ली है।
- **राजस्थान सरकार ने जयपुर में महिला दूध बैंक जीवनधारा की शुरुआत की**
  राजस्थान सरकार ने जयपुर में महिला दूध बैंक जीवनधारा की शुरुआत की। इसका उद्देश्य राजस्थान में उच्च शिशु मृत्यु दर को रोकना है। राज्य सरकार ने इस बैंक का शुभारंभ नार्वे की सरकार और जेके लॉन अस्पताल के साथ मिलकर किया है। यह बैंक स्तनपान कराने वाली माताओं द्वारा दान किए गए दूध को जमा करेगा जिसका इस्तेमाल वंचित शिशुओं के लिए किया जा सकेगा। दान देने की इच्छुक माताओं से मिला यह दूध शिशुओं को मुफ्त में दिया जाएगा। दान देने की प्रक्रिया दाताओं की पूरी जांच और एचआईवी, सिफिल्स, हेपेटाइटिस और अन्य

www.crackgpsc.com

बीमारियों की चिकित्सीय जांच के बाद ही शुरु की जाएगी। इसके बाद दूध को पाश्चुरीकृत किया जाएगा जिसमें करीब तीन माह का वक्त लगता है। पहला सरकारी महिला दूध बैंक कोलकाता में खोला गया था और जयपुर इस श्रृंखला का दूसरा है। हालांकि राज्य में पहला महिला दूध बैंक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) उदयपुर के एक सरकारी अस्पताल में शुरु किया गया था। राजस्थान में शिशु मृत्यु दर प्रति 1000 जन्म पर 49 फीसदी है और इसकी वजह समय पर माता के दूध की अनुपलब्धता है।

- **विप्रो के मुख्य व्यापार अधिकारी के पद से सतीशचंद्र डोरेस्वामी ने इस्तीफा दिया**

  सतीशचंद्र डोरेस्वामी ने विप्रो के चीफ बिजनेस ऑफिसर (सीबीओ) के पद से इस्तीफा दे दिया। विप्रो में बतौर सीबीओ, वे बिजनेस ऑपरेशंस ग्रुप, डिलिवरी लीडरशिप और ग्लोबल ट्रांस्फॉर्मेशन चार्टर का काम देखते थे। विप्रो से जुड़ने से पहले वे टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) के साथ काम कर चुके हैं और यहां वे उपाध्यक्ष और इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज के ग्लोबल हेड के पद पर थे। दो दशकों से भी अधिक अनुभव के साथ वे उद्योग के अनुभवी लोगों में से एक हैं। उन्होंने रणनीति, विलय और अधिग्रहण, बिक्री, डिलीवरी और ऑपरेशंस में काम किया है।

- **भारत के तंबाकू विरोधी अभियान का चेहरा सुनीता तोमर का निधन**

  भारत के तंबाकू विरोधी अभियान का चेहरा सुनीता तोमर का निधन हो गया। साल 2014 में उन्होंने 30 सेकेंड का एक वीडियो शूट किया था जिसमें सुनीता निर्धूम तंबाकू के विनाशकारी प्रभाव के बारे में बता रही थीं। उस वीडियो में वे अपने अनुभव साझा करती हैं जिसे बाद में सरकार ने अपने तंबाकू रोधी अभियान में लोगों को निर्धूम गुटका और पान मसालों के खाने के खिलाफ चेतावनी देने के लिए इस्तेमाल किया। एक वीडियो बनाने के लिए वे वॉयस ऑफ टोबैको विक्टिम्स (VoTV) के साथ जुड़ीं। इसमें मुंह के कैंसर से उनके संघर्ष के बारे में बताया गया है। भारत में हर वर्ष करीब दस लाख लोग तंबाकू खाने की वजह से मृत्यु के शिकार होते हैं और भारत में करीब 35% युवा किसी न किसी रुप में तंबाकू का सेवन करते हैं।

- **पूर्व शतरंज ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद के नाम पर लघु ग्रह का नाम रखा गया**

  माइकल रुडेंको, लघु ग्रह केंद्र समिति के सदस्य ने आधिकारिक तौर पर लघु ग्रह का नाम, भारत के पहले शतरंज ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद को सम्मानित करते हुए 4538 विश्वानंद रखने की घोषणा की। इस के साथ ही आनंद पूर्व विश्व शतरंज चैंपियनों, अलेक्जेंडर एल्काइन और अनातोली कारपोव की सूची में शामिल हो गए जिन्हें यह सम्मान दिया गया है। अन्य खेल हस्तियां जिन्हें यह सम्मान दिया गया है उनमें डोनाल्ड ब्रेडमैन, जेसी ओवेन्स, राफेल नडाल और रोजर फेडरर शामिल हैं।

करन्ट शतक
Most Imp करन्ट अफेर्स हिन्दी में
वस्तुनिष्ठ प्रश्नों उत्तर के साथ

www.crackgpsc.com

✓ **आकाशीय पिंडों का नामकरण की प्रक्रिया**

खोजकर्ता 10 साल के लिए एक नाम के सुझाव का विशेषाधिकार रखता है जबकि अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ के कार्य समूह से चुनी गयी समिति के पास नाम आवंटित करने का अंतिम अधिकार होता है। माइकल रुडेंको जिन्हें यह सम्मान देने के लिए आमंत्रित किया गया था, उन्होंने नियमों के अनुसार विश्वानंद नाम प्रस्तावित किया।

- **स्नैपडील ने वित्तीय सेवा कंपनी 'रुपीपावर' में हिस्सेदारी खरीदी**

  ई-कामर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी स्नैपडील ने डिजिटल वित्तीय सेवा उत्पाद सुलभ कराने वाले प्लेटफार्म 'रुपीपावर' में हिस्सेदारी खरीदी। इस से स्नैपडील को देश के 4,500 करोड रुपये के ऑनलाइन वित्तीय सेवा बाजार में उतरने में मदद मिलेगी। विदित हो कि वर्ष 2011 में स्थापित 'रुपीपावर' ऋण, क्रेडिट कार्ड तथा अन्य पर्सनल फाइनेंस उत्पादों के लिए डिजिटल वितरण प्लेटफार्म उपलब्ध कराती है। भारतीय स्टेट बैंक, आइसीआइसीआइ बैंक व बजाज फिनसर्व 'रुपीपावर' के बाजार भागीदार हैं।

- **ओडिशा सरकार ने आहार योजना का शुभारंभ किया**

  ओडिशा सरकार ने को शहरी गरीबों को रियायती दर पर भोजन उपलब्ध कराने के लिए आहार योजना का शुभारंभ किया। इस योजना का शुभारम्भ राज्य के स्थापना दिवस 'उत्कल दिवस' के अवसर पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक द्वारा किया गया। योजना के अंतर्गत रियायती दर पर खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए पाँच शहरों में खाद्य सामग्री वितरित करने वाली दुकानों को खोला जाएगा। इन दुकानों द्वारा चावल,दाल और अचार को पाँच रुपए की दर पर उपलब्ध कराया जाएगा।

- **विजय केलकर का टाटा केमिकल्स के निदेशक मंडल से इस्तीफा**

  13वें वित्त आयोग के अध्यक्ष विजय केलकर ने टाटा केमिकल्स के गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया। टाटा केमिकल्स टाटा समूह की कंपनी है जो रासायनिक कृषि उत्पाद बनाती है। वह नेशनल स्टाक एक्सचेंज तथा 13वें वित्त आयेग के अध्यक्ष के अलावा वित्त मंत्री के सलाहकार भी रहे।

- **मिस्र की एकेडमी ऑफ आर्ट्स द्वारा अमिताभ बच्चन को डॉक्टरेट की उपाधि**

  सिनेमा क्षेत्र में योगदान के लिए मिस्र की एकेडमी ऑफ आर्ट्स ने अमिताभ बच्चन को डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया। मिस्र की एकेडमी ऑफ आर्ट्स के अनुसार यह पहला मौका है जब इस इंस्टीट्यूट ने किसी अंतरराष्ट्रीय कलाकार को डॉक्टरेट की उपाधि दी।

- **भारतीय मूल की नर्स डॉ. सुभदा देवी राय अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित**

  भारतीय मूल की नर्स डॉ. सुभदा देवी राय को अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पुरस्कार (international achievement award) से सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार महिलाओं और शरणार्थियों की स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रदान किया गया। सिंगापुर में हर दो वर्ष में दिया जाने वाला यह प्रतिष्ठित पुरस्कार पाने वाली वह सिंगापुर की पहली

www.crackgpsc.com

नागरिक हैं। वर्ष 1999 में इस द्विवार्षिक पुरस्कार के शुरू किए जाने के बाद से यह पहली बार होगा जब सिंगापुर के किसी नागरिक को यह पुरस्कार दिया जाएगा।

- **अमरावती को आंध्र प्रदेश की नई राजधानी के रुप में मंजूरी प्रदान**

  मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की अध्यक्षता में आंध्र प्रदेश मंत्रिमंडल ने अमरावती को राज्य की नई राजधानी बनाये जाने की मंजूरी प्रदान की। नई राजधानी विजयवाड़ा-गुंटूर क्षेत्र में बनेगी। अमरावती की ऐतिहासिकता, अध्यात्म और पौराणिक महत्व को देखते हुए इसे राजधानी बनाने का फैसला किया गया। अमरावती आन्ध्र प्रदेश के गुंटूर ज़िले में कृष्णा नदी के तट पर स्थित है। यह नगर सातवाहन राजाओं के शासनकाल में हिन्दू संस्कृति का केन्द्र था। यह 400 वर्षों तक सातवाहनों की राजधानी रही। अमरावती का नाम भगवान अमरेश्वर के नाम पर पड़ा। इसे दक्षिण के काशी के नाम से भी जाना जाता है। इसका प्राचीन नाम धान्यघट या धान्यकटक अथवा धरणिकोट है। यह स्थान बौद्ध और जैन धर्म का प्रमुख केंद्र है।

- **समुद्री अध्ययन केन्द्र (सेन्टर फॉर मेरीटाइम स्टडीज़) का उद्घाटन**

  केन्द्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान मंत्री डा. हर्षवर्धन ने पुडुचेरी विश्वविद्यालय के पोर्ट ब्लेयर कैम्पस में समुद्री अध्ययन केन्द्र (सेन्टर फॉर मेरीटाइम स्टडीज़) का उद्घाटन किया।

- **ब्रिटेन के टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे ने करियर का 500वां मैच जीता**

  ब्रिटेन के टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे ने मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में केविन एंडरसन को हराकर अपने टेनिस करियर का 500वां मैच जीत लिया। एंडी मरे यह उपलब्धि हासिल करने वाले इंग्लैंड के पहले और दुनिया के 46वें खिलाड़ी बने। एटीपी इतिहास में सवार्धिक मैच जीतने वाले खिलाड़ी रॉजर फेडरर (1012 मेच) है।

- **योग धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन नहीं : कैलीफोर्निया न्यायालय**

  अमेरिका के कैलिफोर्निया न्यायालय ने यह कहकर एक अपील को ख़ारिज कर दिया कि सैन डिएगो काउंटी स्कूल में सिखाया जा रहा योग किसी धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन नहीं करता। अदालत ने कहा कि योग कुछ संदर्भों में धार्मिक हो सकता है, लेकिन एन्सिनितास यूनियन स्कूल डिस्ट्रिक्ट में सिखाये जा रहे योग के बारे में ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे यह साबित किया जा सके कि वे धार्मिक, रहस्यमय या आध्यात्मिक प्रपंचों में लिप्त हैं।

- **वर्ष 2014-15 के दौरान 'स्वच्छ भारत मिशन' लागू करने में गुजरात सबसे आगे**

  केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने 'स्वच्छ भारत मिशन' (Swachh Bharat Mission, SBM) के क्रियान्वयन का मूल्यांकन जारी किया। इसके अनुसार वर्ष 2014-15 के दौरान गुजरात 'स्वच्छ भारत मिशन' को लागू करने में देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे से आगे (प्रथम) रहा। 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत वर्ष 2014-15 में कुल 270069 घरों में

www.crackgpsc.com

बने शौचालयों में से 60% अकेले गुजरात में बने। ठोस कचरा प्रबंधन को भी प्रोत्साहित करने में गुजरात सबसे आगे (प्रथम) रहा। सामुदायिक शौचालय सीटें बनाने में ओडिशा आगे रहा।

- **स्वच्छ भारत मिशन (Swachh Bharat Mission, SBM)**
  'स्वच्छ भारत मिशन' का प्रारंभ 2 अक्टूबर 2014 को हुआ था। इसका लक्ष्य महात्मा गांधी की 150वीं जयंती यानी 2 अक्टूबर 2019 तक पूरे देश के 4041 वैधानिक शहरों और नगरों में पूरी तरह स्वच्छता सुनिश्चित करना है। शहरी क्षेत्रों में खुले में शौच की समस्या खत्म करने के लिए शौचालयों का निर्माण इस मिशन की प्राथमिकता है।
- **ईरान और P5+1 ने परमाणु समझौते पर जे.सी.पी.ओ.ए. के लिए मंजूरी दी**
  ईरान, P5+1 और यूरोपीय संघ (ईयू) ने ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से रोकने के लिए एक समझौते की रूपरेखा को स्वीकार किया जिसे संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जे.सी.पी.ओ.ए.) का नाम दिया गया। P5+1 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सभी स्थायी सदस्य अर्थात अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन और रूस के साथ जर्मनी शामिल हैं। इस के तहत ईरान कम से कम 10 साल के लिए संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन करने के लिए अपने उन्नत सेंट्रीफ्यूज का उपयोग नहीं करेगा। अपने इन उन्नत सेंट्रीफ्यूज का उपयोग सीमित अनुसंधान और विकास के लिए करेगा। जो सेंट्रीफ्यूज उपयोग में नहीं हैं उन्हें आईएईए की निगरानी के तहत स्टोर में रखा जाएगा। ईरान 15 साल के लिए 3.67% से अधिक यूरेनियम संवर्धन नहीं करेगा। 15 साल के लिए अपने 10,000 किलो के कम संवर्धित यूरेनियम (एल ई यू) के भंडार को 300 किलो, 3.67 प्रतिशत एल ई यू तक कम करेगा।
- **पेड्रो कैटेरीआनो बेल्लिदो पेरू के 7 वें प्रधानमंत्री नियुक्त**
  पेड्रो कैटेरीआनो बेल्लिदो को राष्ट्रपति ओल्लानता हमाला द्वारा पेरू के सातवें प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया। पेड्रो, एना जरा का स्थान लेंगे। एना जरा जासूसी करने और भ्रष्टाचार में लिप्त होने के आरोप के चलते कांग्रेस में कराए गए विश्वास मत में बहुमत नहीं प्राप्त कर सकी।
- **मरियम आसिफ सिद्दीकी ने 'श्रीमद् भागवत गीता चैंपियंस लीग' का खिताब जीता**
  मुंबई की मरियम आसिफ सिद्दीकी ने 'श्रीमद् भागवत गीता चैंपियंस लीग' का खिताब जीता। इसका आयोजन धार्मिक संस्था इस्कॉन (International Society for ञrishna Consciousness, ISञCON) द्वारा किया गया था। इस प्रतियोगिता में 195 स्कूलों के 4500 प्रतियोगी ने हिस्सा लिया। मरियम सिद्दीकी 12 वर्ष एक मुस्लिम लड़की है जो कॉस्मापॉलिटन हाई स्कूल की छठी कक्षा की छात्रा है। पहला अवॉर्ड जीतने वाली मरियम ने ने यह खिताब जीतकर यह सिद्ध कर दिया है कि ज्ञान अर्जित करने का संबंध किसी धर्म से नहीं, बल्कि मानवता से होता है।

➢ **श्रीमद् भागवत गीता चैंपियंस लीग**

श्रीमद् भागवत गीता चैंपियंस लीग' का आयोजन धार्मिक संस्था इस्कॉन) International Society for ञrishna Consciousness, ISञCON) द्वारा किया गया। इसका आयोजन

गीता ज्ञान को जांचने-परखने के लिए किया जाता है। इसमें बच्चों के गीता के ज्ञान को जांचने के लिए 100 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न पूंछे थे।

- **सड़क परिवहन एवं सुरक्षा विधेयक** 2015 **का प्रस्ताव केंद्रीय मंत्रिमंडल में पेश**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क परिवहन एवं सुरक्षा विधेयक के मसौदे का प्रस्ताव कैबिनेट में रखा। इस विधेयक में अनेक सुधारों का जिक्र किया गया है जिसके तहत सड़कों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना और विभिन्न अपराधों के लिए जुर्माने (पेनाल्टी (में वृद्धि करना शामिल है। इस में जुर्माने की राशि वर्तमान मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में उल्लेखित अर्थदण्ड से बहुत ज्यादा निर्धारित की गई है। बार-बार अपराध करने की स्थिति में जुर्माना राशि बढ़ाने का भी प्रावधान इसमें शामिल है। इसके साथ ही विभिन्न अपराधों के लिए 'अवगुण अंक' भी दिए जाएंगे जिनके आधार पर लाइसेंस निलंबित भी किया जा सकता है।

- **राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने भूमि अधिग्रहण अध्यादेश पर हस्ताक्षर किया**
  - ✓ राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता अधिकार (संशोधन) अध्यादेश (The Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement (Amendment) Ordinance) पर हस्ताक्षर किया। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर करने के साथ ही यह भूमि अधिग्रहण अध्यादेश लागू हो गया।
  - ✓ विदित हो कि भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता अधिकार (संशोधन) विधेयक लोकसभा में पारित हो चुका है। जबकि यह विधेयक राज्यसभा में विचाराधीन है जहां सरकार अल्पमत में है।

- **दिल्ली की सुरक्षा परमाणु मिसाइल से की जाएगी**

'मिसाइल कवच कार्यक्रम' के तहत राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सुरक्षा को लेकर भारत सरकार ने यहाँ परमाणु मिसाइल तैनात करने की योजना बनाई है। इसके तहत अब बीजिंग और वाशिंगटन की तरह दिल्ली की सुरक्षा भी परमाणु मिसाइल से की जाएगी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर दो लंबी दूरी की मारक क्षमता वाले मिसाइल को रडार पर तैनात किया जाएगा। इस मिसाइल की मारक क्षमता पांच हजार किलोमीटर होगी। दुनिया में अब तक कुछ ही ऐसे शहर हैं जिनकी सुरक्षा में मिसाइल सुरक्षा कवच तैनात किये गए हैं। ये शहर हैं वाशिंगटन, बीजिंग, पैरिस, लंदन और तल अवीव।

www.crackgpsc.com



- **भारतीय पर्वतारोही मल्ली मस्तान बाबू का निधन**
  भारत के शीर्ष पर्वतारोही मल्ली मस्तान बाबू एंडीज पर्वत शृंखला में मृत पाए गए। मस्तान बाबू एंडीज पर्वत शृंखला में पर्वतारोहण के दौरान 24 मार्च से लापता थे। बाबू के पर्वतारोहण शुरू करने के तुरंत बाद मौसम खराब हो गया था। मल्ली मस्तान बाबू भारत के एक शीर्ष पर्वतारोही थे। वह दुनिया में 'सबसे तेजी से सात चोटियों को फतह करने वाले' पर्वतारोही थे। वह अंटार्कटिका की सर्वाधिक ऊंची चोटी माउंट विंसन मैसिफ को फतह करने वाले पहले भारतीय और एवरेस्ट फतह करने वाले आंध्र प्रदेश के पहले व्यक्ति थे।
- **भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस ने स्मार्ट ट्रैवलर का शुभारंभ किया**
  भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि. ने स्मार्ट ट्रैवलर नामक बीमा सेवा का शुभारम्भ किया है। इसके तहत छात्रों, व्यक्तियों, परिवारों और यात्रियों को वैश्विक कवरेज प्रदान किया जाएगा। भारती एक्सा विभिन्न यात्रियों के लिए व्यापक और सस्ती अंतरराष्ट्रीय यात्रा बीमा सेवा प्रदान करेगा।
- **केसरीनाथ त्रिपाठी ने मिजोरम के राज्यपाल पद की शपथ ली**
  पश्चिम बंगाल के राज्यपाल केसरीनाथ त्रिपाठी ने मिजोरम के राज्यपाल (अतिरिक्त प्रभार) पद की शपथ ली। उन्होंने मिजोरम के निवर्तमान राज्यपाल अजीज कुरैशी का स्थान लिया।

## ➢ 2nd week

- **डोप टेस्ट में पॉजिटिव पाये जाने पर 21 वेटलिफ्टर सस्पेंड**
  इंडियन वेटलिफ्टिंग फेडरेशन ने डोप टेस्ट में पॉजिटिव पाये जाने पर 21 वेटलिफ्टरों को अस्थायी तौर पर सस्पेंड किया। आईडब्ल्यूएफ ने दिल्ली, पंजाब और हरियाणा पर एक साल का प्रतिबन्ध लगाने का निर्णय लिया है, जहां से सबसे ज्यादा डोपिंग दोषी निकले हैं। इन प्रदेशों के वेटलिफ्टर प्रतिबंध की अवधि तक किसी कॉम्पिटिशन में भाग नहीं ले सकेंगे।
- **केन्या के गरीसा विश्वविद्यालय में आतंकवादी हमले मे 147 छात्रों की मृत्यु**
  केन्या के गरीसा विश्वविद्यालय में हुये आतंकवादी हमले मे 147 छात्रों की मृत्यु हो गई। सोमालिया के शबाब इस्लामी आतंकी समूह द्वारा यह हमला किया गया।
- **20वीं और 21वीं मद्रास बटालियन प्रेसीडेंटस कलर सम्मान से सम्मानित**
  सेना प्रमुख दलबीर सिंह ने मद्रास रेजीमेंट की 20वीं और 21वीं मद्रास बटालियन को प्रेसीडेंटस कलर सम्मान से सम्मानित किया। यह सम्मान दोनों बटालियनों को गठन के बाद से राष्ट्र की समर्पित और सराहनीय सेवा के सम्मान के रूप में प्रदान किया गया।
- **मलेशिया ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप**
  चीन के चेन लोंग और स्पेन की कैरोलिना मारिन ने मलेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में क्रमशः पुरुष एवं महिला एकल खिताब जीता। चीन की लुओ यिंग और लुओ यू ने टूर्नामेंट में

www.crackgpsc.com

महिला युगल का खिताब जीता। चीन की झांग नान और झाओ युनलेई ने मिश्रित युगल खिताब जीता।

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एयर क्वॉलिटी इंडेक्स' लॉन्च की**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में 'एयर क्वॉलिटी इंडेक्स' लॉन्च की। ये इंडेक्स दिल्ली और मुंबई सहित देश के 10 बड़े शहरों में वायु प्रदूषण के स्तर को बताएगा। इससे पता चलेगा कि वायु कितनी शुद्ध या ख़राब है। इससे लोगों को यह भी बताने में आसानी होगी कि वायु प्रदूषण का स्तर अगर सामान्य है तो क्या करना चाहिए और अगर ख़राब और बहुत ख़राब है तो उसका सेहत पर किस तरह का असर पड़ेगा। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 13 भारत में स्थित हैं।

- **डीजीसीई द्वारा कैडबरी इंडिया पर 570 करोड़ रुपये का उत्पाद शुल्क जुर्माना**

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क महानिदेशालय (डीजीसीई) ने देश के बड़े चॉकलेट निर्माता कैडबरी इंडिया लिमिटेड पर 570 करोड़ रुपये का उत्पाद शुल्क जुर्माना लगाया। यह जुर्माना कंपनी पर कथित तौर से हिमाचल प्रदेश में अपनी उत्पादन इकाइयों में टैक्स चोरी की वजह से लगाया गया।

- **दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने गुणवत्ता के क्षेत्र में गोल्डन पीकॉक अवार्ड जीता**

दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने गुणवत्ता के क्षेत्र में वर्ष 2015 का गोल्डन पीकॉक एवार्ड जीता। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड जीएमआर समूह, मलेशिया एयरपोर्ट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमटेड और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का एक संयुक्त उपक्रम है।

- **राजीव शुक्ला आईपीएल संचालन परिषद के अध्यक्ष नियुक्त**

बीसीसीआई ने राजीव शुक्ला को आईपीएल संचालन परिषद (IPL governing council) का अध्यक्ष नियुक्त किया। राजीव शुक्ला ने रंजीत बिस्वाल का स्थान लिया। वर्ष 2008 से 2013 तक आईपीएल अध्यक्ष रह चुके राजीव शुक्ला ने स्पॉट फिक्सिंग मामले के बाद इस्तीफा दे दिया था।

- **बंडारू दत्तात्रेय ने डिजिटल भारत पहल की शुरूआत की**

केंद्रीय श्रम और रोजगार राज्य मंत्री बंडारू दत्तात्रेय ने डिजिटल भारत पहल (एनसीवीटी-एमआईएस पोर्टल) की शुरूआत की। यह पोर्टल भारत में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के कार्य के विपणन में सुधार करने में सहायता करेगा।

- **मियामी मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट 2015**

सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने ब्रिटेन के एंडी मरे को पराजित कर मियामी मास्टर्स टेनिस खिताब जीता। जोकोविच दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गये हैं जिन्होंने एक वर्ष में इंडियन वेल्स और मियामी मास्टर्स दोनों खिताब तीन बार जीते हैं। अमेरिका की सेरेना विलियम्स ने महिला एकल का खिताब जीता। सेरेना ने लगातार तीसरे वर्ष मियामी टूर्नामेंट का खिताब

जीता है। सानिया मिर्जा और मार्टिना हिंगिस की जोड़ी ने मियामी ओपन टेनिस महिला युगल का खिताब जीता।

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुद्रा बैंक का शुभारंभ किया**

  प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20000 करोड़ रुपए के शुरुआती कोष के साथ मुद्रा बैंक को स्थापित किया। मुद्रा का अर्थ 'माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट फंड रिफाइनेंस एजेंसी' है। इस बैंक का उद्देश्य छोटे कारोबारियों को ऋण की सुविधा प्रदान करना है। इस बैंक के जरिए 10 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत तीन तरह के ऋण प्रदान किए जाएंगे जिन्हें शिशु, किशोर, तरुण नाम दिया गया है। शिशु योजना के तहत 50 हजार तक, किशोर योजना के तहत 50 हजार रुपए से 5 लाख रुपए तक और तरुण योजना के तहत 5 लाख रुपए से 10 लाख रुपए तक का ऋण प्रदान किया जाएगा। मुद्रा बैंक से देश के करीब 5 करोड़ 77 लाख छोटे कारोबारियों को फायदा मिलेगा। साथ ही मुद्रा बैंक के जरिए छोटी विनिर्माण इकाइयों, दुकानदारों, सब्जी वालों, सैलून वालों आदि को भी ऋण मिल सकेगा।

- **बांग्लादेश ने संशोधित भारत-बांग्लादेश व्यापार समझौते को मंजूरी दी**

  बांग्लादेश के मंत्रिमंडल ने संशोधित भारत-बांग्लादेश व्यापार समझौते को मंजूरी प्रदान की। इस समझौते के अंतर्गत दोनों देश तीसरे देश को सामान भेजने के लिए एक दूसरे के जमीन व जल मार्गों का इस्तेमाल कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें शुल्क देना होगा। दोनों देश आपसी विचार विमर्श से शुल्क का निर्धारण करेंगे जो दोनों देशों के लिए समान होगा। इस संशोधित समझौते से बांग्लादेश, भारतीय क्षेत्र के ज़रिए नेपाल और भूटान के लिए और भारत, बांग्लादेश के जरिये म्यांमार को माल भेज सकेगा। इस समझौते में नया प्रावधान जोड़ा गया है। इसके तहत दोनों देशों के बीच सहमति की स्थिति कायम रहने पर यह समझौता पांच वर्षों के बाद स्वतः नवीकृत हो जाएगा। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना है।

- **गुजरात ने सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी जीती**

  गुजरात क्रिकेट टीम ने पंजाब को हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्वेंटी -20 ट्रॉफी जीती। विकेट कीपर और नाबाद सलामी बल्लेबाज स्मित पटेल द्वारा बनाये गए 50 रनों की बदौलत गुजरात दूसरी बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने में सफल रहा।

  ✓ **सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी**

  सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी भारत में ट्वेंटी -20 क्रिकेट के तौर पर खेले जाने वाली घरेलू चैम्पियनशिप है। इसका नाम प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर सैयद मुश्ताक अली के नाम पर रखा गया है।

- **ट्राई ने की राष्ट्रीय स्तर पर नए आपातकालीन नंबर '112' की अनुशंसा**

  दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सभी प्रकार की इमरजेंसी सेवाओं के लिए एक ही आपातकालीन नंबर '112' को लागू करने का प्रस्ताव रखा। अब इस नंबर पर फोन कर पुलिस, एंबुलेंस, फॉयरबिग्रेड जैसी तमाम आवश्यक व जीवन रक्षक सेवाएँ प्राप्त की जा सकेंगी। इसकी खासियत यह है कि लोग 112 पर स्थायी रूप से बंद हो चुके मोबाइल और लैंडलाइन

www.crackgpsc.com

फोन से भी कॉल कर सकेंगे और इसमें 100, 101, 102 व 108 नंबर पर मिलने वाली सेवाओं का विलय कर दिया जायेगा। अमेरिका में इस तरह की व्यवस्था पहले से है। वहाँ 911 नंबर सभी प्रकार की आवश्यक सेवाओं के लिए है।

- **डॉ मायिलसामी अन्नादुर इसरो उपग्रह केंद्र के निदेशक नियुक्त**

  डॉ मायिलसामी अन्नादुर को इसरो उपग्रह केंद्र बंगलुरु, कर्नाटक का निदेशक नियुक्त किया गया है। वह 1992 से 2005 तक इसरो के इनसेट मिशन के निदेशक रहे हैं। डॉ अन्नादुर ने भारत के पहले चन्द्र मिशन 'चंद्रयान 1' और 'चंद्रयान 2' में परियोजना निदेशक के रूप में भी अपनी सेवाएँ दी हैं। डॉ अन्नादुर ने भारत के पहले मंगल मिशन 'मंगलयान' के कार्यक्रम निदेशक के रूप में भी कार्य किया है।

- **पीसीआई प्रेसीडेंट राजेश तोमर पैरा एथलेटिक्स खेलों में कुप्रबंधन के कारण निलंबित**

  भारतीय पैरालम्पिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष राजेश तोमर को निलंबित कर दिया गया। उन पर 15 वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में वृहद स्तर पर कुप्रबंधन का आरोप लगाया गया है।

- **पिलपंतरी गांव ने एक अनोखी परंपरा का सृसर्जन किया**

  दक्षिणी राजस्थान के एक गांव ने महिला सम्मान और पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में एक नई मिसाल कायम की है। राजसमंद जिले के पिपलंतरी नामक गांव में बालिका शिशु के जन्म के समय एक सौ ग्यारह पेड़ लगाने की परंपरा है। गांव के पूर्व सरपंच श्याम सुंदर पालिवाल ने सन् 2006 में पहली बार अपनी बेटी की याद में पेड़ लगाए जिसका कुछ ही महीने पहले देहांत हुआ था। यहीं से शिशु जन्म के समय पेड़ लगाने की परंपरा का जन्म हुआ। पिछले 6 वर्षों में इस इलाके में ढाई लाख से भी ज्यादा पेड़ लगाए जा चुके हैं।

- **तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं भी भत्ता पाने की हकदार : सुप्रीम कोर्ट**

  भारत के सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 125 के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को अपने पूर्व पति से भत्ता मांगने का हक है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का महत्व इसलिए है क्योंकि इसने यह स्पष्ट कर दिया कि देश का नागरिक कानून किसी भी निजी कानून से अधिक मजबूत है।

- **गूगल ने प्राइसवाटर हाउसकूपर्स के साथ रणनीतिक भागीदारी की**

  ऑनलाइन सर्च दिग्गज गूगल ने डिजिटल इंडिया प्रोजेक्ट और बड़े उद्यम सौदों को लक्षित कर परामर्श कंपनी प्राइसवाटर हाउसकूपर्स के साथ रणनीतिक भागीदारी की। भारतीय भागीदारी के साथ गूगल खुद को ई-गवर्नेंस परियोजनाओं में शामिल करना चाहता है और भारत में अपने क्लाउड सेवाओं की बिक्री में सुधार लाना चाहता है।

- **SRTMI की स्थापना के लिए इस्पात कंपनियों की इस्पात मंत्रालय के साथ भागीदारी**

  भारत की प्रमुख इस्पात कंपनियों ने नई दिल्ली में केंद्रीय इस्पात मंत्रालय के साथ भारतीय इस्पात अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी मिशन (SRTMI) की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। SRTMI का प्राथमिक उद्देश्य इस्पात क्षेत्र में राष्ट्रीय महत्व के प्राथमिक



www.crackgpsc.com

क्षेत्रों में मंत्रालय और इस्पात उद्योगों के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान और विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देना है। इस मिशन की स्थापना केंद्र सरकार के मेक इन इंडिया पहल के तहत की गई है।

- **केंद्र सरकार ने रंग के आधार पर उद्योगों का वर्गीकरण किया**
  केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने उद्योगों को उनकी प्रदूषण करने की क्षमता के आधार पर वर्गीकृत करने के उद्देश्य से एक रंग कोड आधारित प्रणाली का प्रस्ताव रखा। लाल रंग : उद्योग क्षेत्रों जिनका अंक 60 और उससे अधिक है। नारंगी रंग: उद्योग क्षेत्रों जिनका अंक 30 से 59 तक हो। हरा रंग : उद्योग क्षेत्रों जिनका अंक 15 से 29 तक हो। 15 से नीचे स्कोर करने वाले औद्योगिक क्षेत्रों को सफेद रंग से प्रदर्शित किया जाएगा जिसका अर्थ होगा की वे पर्यावरण के अनुकूल हैं।
- **10 वर्ष से पुराने डीजल वाहनों पर दिल्ली और एनसीआर में प्रवेश पर रोक**
  दिल्ली में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल (एनजीटी) ने 10 वर्ष से पुराने डीजल वाहनों पर दिल्ली और एनसीआर में प्रवेश पर रोक लगाई। इससे पहले पिछले साल एनजीटी 15 साल पुरानी पेट्रोल कारों को दिल्ली की सड़कों पर उतारने पर पाबंदी लगा चुकी है।
- **विश्व की सर्वाधिक उम्रदराज महिला गर्टरुड वीवर का निधन**
  विश्व की सर्वाधिक उम्रदराज महिला अमेरिका की गर्टरुड वीवर का 116 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अब विश्व की सर्वाधिक उम्रदराज इंसान जेरालीन टैली हैं।
- **श्रीलंका ने पाकिस्तान के साथ छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए**
  श्रीलंका और पाकिस्तान के मध्य परमाणु सहयोग संबंधी समझौतों सहित छह समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता पाकिस्तान की यात्रा पर आए श्रीलंकाई राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के मध्य हुई चर्चा के बाद किए गए।
- **विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मिशन इन्द्रधनुष प्रारंभ**
  केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में विश्व स्वास्थ्य दिवस (7 अप्रैल 2015) के अवसर पर मिशन इन्द्रधनुष प्रारंभ हुआ। इसमें 0 से 2 साल तक के बच्चों सहित गर्भवती महिलाओं को भी सात प्रकार की बीमारियों से रोकथाम के टीके लगाए जाएंगे। इस मिशन के तहत बीसीजी, डीपीटी, टैटनेस, हैपेटाइटिस बी, एचआईवी, दीमागी बुखार व खसरा(मिजल्स) के टीके लगाए जाएंगे। यह मिशन पूरे भारतवर्ष में 201 जिलों में शुरू किया गया।
- **पहली स्वदेशी स्कॉर्पियन पनडुब्बी 'कलवरी' का जलावतरण**
  देश में निर्मित पहली स्वदेशी पनडुब्बी का महाराष्ट्र के मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड (एमडीएल) पर जलावतरण किया गया। इस पनडुब्बी को कलवरी नाम दिया गया है। यह पनडुब्बी भारतीय नौसेना की परियोजना 'परियोजना 75' के तहत तैयार की गई है। यह पनडुब्बी फ्रांस की तकनीकी सहायता से निर्मित की गई है। यह जल के अन्दर और जल की सतह से प्रहार

करने में सक्षम है। यह पनडुब्बी के निर्माण में विशेष इस्पात का उपयोग किया गया है, जिससे यह अधिक बल सहन करने में और गहरा गोता लगाने में सक्षम है।

- **प्रताप सिंह ने कॉस्मिक-रे प्रोजेक्ट के लिए भौतिकी संस्थान पुरस्कार जीता**
  भारतीय मूल के 15 वर्षीय छात्र प्रताप सिंह को यूनाइटेड किंगडम में 500 पाउंड के भौतिकी संस्थान पुरस्कार (आईओपी) से नवाजा गया। यह पुरस्कार अल्बर्ट आइंस्टीन के विशेष सापेक्षता सिद्धांत को प्रयोग द्वारा सत्यापित करने के कारण दिया गया।
- **सत्यम घोटाले में बी रामलिंग राजू को सात वर्ष की कारावास**
  सत्यम घोटाले में हैदराबाद की विशेष न्यायालय ने कंपनी के पूर्व चेयरमैन बी रामलिंग राजू को सात वर्ष की जेल की सज़ा सुनाई। न्यायालय ने राजू पर पाँच करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया।
- **डॉ गोपाल दास नीरज और डॉ. उदय प्रताप सिंह को साहित्य शिरोमणि सम्मान**
  'साहित्य शिरोमणि' सम्मान के लिए कवि डॉ. गोपाल दास 'नीरज' एवं साहित्यकार डॉ. उदय प्रताप सिंह का चयन किया गया। उनका चयन उनके द्वारा की गई आजीवन साहित्य सेवा के लिए किया गया।
- **भारत और अमेरिका के मध्य परिवहन के क्षेत्र में सहयोग के लिए हस्ताक्षर**
  भारत और अमेरिका के मध्य परिवहन के क्षेत्र में सहयोग के एक ज्ञापन (Memorandum of Cooperation) पर हस्ताक्षर किया गया। इस पहल से भारत जलमार्गों और बहुविध केंद्रों को विकसित करने जैसी परियोजनाओं के लिए अमेरिका के पास उपलब्ध दुनिया की नवीनतम प्रौद्योगिकी का उपयोग कर सकेगा।
- **'फेम इंडिया' स्कीम का शुभारंभ**
  केंद्रीय भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्री अनंत गीते ने भारत में विद्युत वाहनों को तेजी से अपनाने और निर्माण की स्कीम 'फेम इंडिया' का शुभारंभ किया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य परिवहन के लिए ऊर्जा के पर्यावरण अनुकूल एवं किफायती वैकल्पिक स्रोत को अपनाना एवं भारत में हाइब्रिड एवं विद्युत वाहनों को तेजी से अपनाने और इसके निर्माण पर जोर देना है।
- **सुमित मजूमदार भारतीय उद्योग परिसंघ के नए अध्यक्ष नियुक्त**
  सुमित मजूमदार को वर्ष 2015-16 के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सुमित मजूमदार टीआईएल लिमिटेड के अध्यक्ष एवं एमडी हैं। वह अजय श्रीराम का स्थान लेंगे जो डीसीएम श्रीराम कंसोलिडेटेड लिमिटेड के अध्यक्ष हैं। इनके साथ ही शोभना कमिनेनी को वर्ष 2015-16 के लिए सीआईआई के उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। वह अपोलो हॉस्पिटल्स इंटरप्राइजेज लिमिटेड की कार्यकारी उपाध्यक्ष हैं।
- **स्नैपडील ने फ्रीचार्ज का अधिग्रहण किया**
  ई-कॉमर्स क्षेत्र की अग्रणी कम्पनी स्नैपडील ने मोबाइल से जुड़े लेन-देन करने वाली वेबसाइट फ्रीचार्ज का अधिग्रहण कर लिया। इसके साथ ही स्नैपडील 40 लाख उपयोगकर्ताओं के साथ

भारत की सबसे बड़ी मोबाइल वाणिज्यिक फर्म बन गई। अब स्नैपडील मोबाइल रिचार्ज और उपयोगिता भुगतान जैसी सेवा भी देगी। स्नैपडील कम्पनी 2010 में कुनाल बहल और रोहित बंसल द्वारा स्थापित की गई थी। फ्रीचार्ज कुणाल शाह और संदीप टंडन द्वारा 2010 में स्थापित की गई थी।

- **उद्योगों की मंजूरी सरल करने के लिए अजय शंकर समिति का गठन**

  वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने उद्योगों की स्थापना हेतु सरल तरीके से नियम अनुपालन के उपाय सुझाने के लिए अजय शंकर की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया। विशेषज्ञ समिति को अपनी रिपोर्ट 30 दिनों के भीतर पेश करना है।

- **भू-सम्पदा (नियामक और विकास) विधेयक 2013 में संशोधन को मंजूरी**

  केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भू-सम्पदा (नियामक और विकास) विधेयक 2013 में संशोधन को मंजूरी प्रदान की। इस विधेयक का उद्देश्य भू-सम्पदा क्षेत्र में अनियमितताओं और ठगी पर रोक लगाना है। यह विधेयक अभी राज्यसभा में लम्बित है।

- **केन्द्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 6 प्रतिशत बढ़ा**

  मंत्रिमंडल ने केन्द्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का महंगाई भत्ता पहली जनवरी 2015 से 6 प्रतिशत बढ़ाने का फैसला किया। इससे महंगाई भत्ता बढ़कर 113 प्रतिशत हो गया।

- **सुप्रीम कोर्ट ने जीसस क्राइस्ट सुपरस्टार के प्रदर्शन पर लगा प्रतिबन्ध हटाया**

  सुप्रीम कोर्ट ने संगीतमय नाटक जीसस क्राइस्ट सुपरस्टार के प्रदर्शन पर कोट्टायम कलेक्टर द्वारा वर्ष 1990 में अधिसूचना जारी कर लगाये गए प्रतिबन्ध को निरस्त कर दिया। जीसस क्राइस्ट सुपरस्टार वर्ष 1970 में बनायी गयी एक रॉक संगीत एलबम है। यह साहित्यिक व्याख्यान गोस्पेल के वर्णन के अनुसार यीशु के जीवन के अंतिम सप्ताह पर आधारित है। इस नाटक के प्रदर्शन को चुनौती देने वाले ईसाई संगठनों का मानना है कि यीशु निर्दोष और भगवान के प्रतिनिधि हैं तथा इसका प्रदर्शन ईसाई धर्म के विश्वास के खिलाफ है।

Useful For....
UPSC, GPSC, GAUN SEVA, PSI, SSC, CDS, NDA, AIR FORCE, NAVY, IB, IFS, RBI, IBPS, SBI, TAT, TET, HTAT, Railway, Post, LIC, GIC, AAO, GCET, MBA & All Competitive Exams

www.crackgpsc.com

- **7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया**

  सम्पूर्ण विश्व में 7 अप्रैल 2015 को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2015 के विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय 'खेत से थाली तक - खाद्य पदार्थ को सुरक्षित करो' (From farm to plate, make food safe) रखा। डब्ल्यूएचओ द्वारा वर्ष 2014 के विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर जारी किया गया नारा है - 'छोटा डंक बडा खतरा', जिसका मुख्य थीम है, वेक्टर यानी मच्छरों-मक्खियों से होने वाले रोगों पर लगाम लगाना। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर बच्चों को 7 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए पूरे देश में 'इंद्रधनुष' नामक टीकाकरण अभियान शुरू किया गया।

  ➢ **विश्व स्वास्थ्य दिवस का प्रारम्भ**

  संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य मामलों की एजेंसी 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' की स्थापना 7 अप्रैल 1948 को हुई थी। इसीलिए 7 अप्रैल को 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। पहला 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' 7 अप्रैल 1950 को मनाया गया था।

  ➢ **विश्व स्वास्थ्य संगठन से संबंधित मुख्य तथ्य**

  विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की स्थापना 7 अप्रैल 1948 को स्विट्जरलैंड के जेनेवा शहर में हुई, जहां वर्तमान में इस संस्था का मुख्यालय भी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य का स्तर ऊंचा रखना है। डब्ल्यूएचओ की स्थापना के प्रस्ताव पर 22 जुलाई 1946 को संयुक्त राष्ट्र के तत्कालीन सभी 61 सदस्य देशों ने सहमति जताई थी। वर्ष 2014 तक विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य देशों की संख्या 194 रही। अपनी स्थापना से लेकर अब तक डब्ल्यूएचओ ने कई जानलेवा बीमारियों और चेचक जैसी महामारियों को मिटाने में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। इस समय संगठन का खास ध्यान टीबी, कैंसर और एचआईवी जैसी बड़ी बीमारियों पर है। पोषण, खाद्य सुरक्षा और यौन संबंधी बीमारियां भी डब्ल्यूएचओ के कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण रूप से शामिल है।

- **अली अहमद, कुमारन असन पुरस्कार के लिए चयनित**

  सीरियाई कवि, निबंधकार और अनुवादक अली अहमद को कुमारन असन पुरस्कार 2015 के लिए चयनित किया गया। उन्हें काव्य जगत में एडोनिस नाम से भी जाना जाता है। एडोनिस का अर्थ ग्रीक पौराणिक कथाओं में सुंदर व्यक्ति होता है। धर्मनिरपेक्ष और राष्ट्रवाद समर्थक होने के कारण उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा। उन्हें अरब जगत में महान कवि के रूप में जाना जाता है। अपने लेखन के कारण वह कई बार नोबेल पुरस्कार के लिए भी नामांकित हुए। कुमारन असन पुरस्कार चेन्नई के 'कुमारन असन मेमोरियल एसोसिएशन' द्वारा स्थापित किया गया था। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय स्तर के कवियों को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है।

- **डॉ. नसीम जैदी भारत के 20वें मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त**

  डॉ. नसीम जैदी को भारत के निर्वाचन आयोग का मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया। डॉ. नसीम जैदी ने हरिशंकर ब्रहमा का स्थान लिया। डॉ. नसीम जैदी 19 अप्रैल 2015 को

www.crackgpsc.com

मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार ग्रहण करेंगे। व्यक्ति के रूप में डॉ. नसीम जैदी भारत के 20वें मुख्य चुनाव आयुक्त हैं। भारत के संविधान के अनुच्छेद 324(2) के अधीन मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति का अधिकार भारत के राष्ट्रपति को दिया गया है। संविधान का अनुच्छेद 324(2) मुख्य निर्वाचन आयुक्त को छोड़कर समय समय पर निर्वाचन आयुक्तों की संख्या को निश्चित करने का अधिकार भी भारत के राष्ट्रपति को देता है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त अथवा निर्वाचन आयुक्त अपने पद का कार्यभार संभालने की तिथि से 6 वर्ष की अवधि के लिए या पैंसठ वर्ष की आयु तक पदस्थ रहते हैं। भारत के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन थे।

- **भरत हरि सिंघानिया जे के कंपनी समूह के अध्यक्ष नियुक्त**

  भरत हरि सिंघानिया जे के कंपनी समूह के अध्यक्ष नियुक्त। भरत हरि सिंघानिया पांच दशकों से अधिक समय से कंपनी का काम-काज देख रहे हैं। वे जे के पेपर, जे के लक्ष्मी सीमेंट तथा समूह की कई और कंपनियों के भी अध्यक्ष हैं। वे जयपुर के 'जे के लक्ष्मीपत विश्वविद्यालय' के कुलाधिपति भी हैं। 125 वर्ष पुराने जे के समूह का कारोबार 100 देशों में फैला हुआ है।

- **केंद्र सरकार ने 'ग्रीनपीस' की विदेशी सहायता पर रोक लगाई**

  केंद्र सरकार ने विकास योजनाओं के खिलाफ माहौल बनाने के आरोपों में घिरे अंतरराष्ट्रीय गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'ग्रीनपीस' के विदेशी सहायता लेने पर रोक लगा दी। गृह मंत्रालय के अनुसार 'ग्रीनपीस' द्वारा विदेशी सहायता के दुरुपयोग के सुबूत मिलने के बाद ये कदम उठाए गए। भारत में मौजूद ग्रीनपीस के सात बैंक खातों को भी तत्काल प्रभाव से जब्त कर दिया गया।

- **आयुष्मान खुराना 'विंग्स फार लाइफ वर्ल्ड रन' के ब्रांड एंबेसेडर नियुक्त**

  फिल्म अभिनेता आयुष्मान खुराना 'विंग्स फार लाइफ वर्ल्ड रन' के ब्रांड एंबेसेडर नियुक्त किये गए। 'विंग्स फार लाइफ वर्ल्ड रन' का आयोजन इस वर्ष 3 मई 2015 को होगी। इस चैरिटी कार्यक्रम का आयोजन उन लोगों को समर्थन देने के लिए किया जाता है, जिनकी रीढ की हड्डी चोटिल है ओर जो आसानी से चल-फिर नहीं सकते। यह दौड एक साथ छह महादेशों और 35 देशों में आयोजित की जाएगी। इसका आयोजन हरियाणा सरकार और हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वाधान में हो रहा है।

- **भारतीय वायु सेना के पूर्व एयर चीफ मार्शल हृषीकेश मुलगावकर का निधन**

  भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के पूर्व एयर चीफ मार्शल हृषीकेश मुलगावकर का निधन हो गया। मुलगावकर को भारत के पहले स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 1947 तथा गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 1951 में फ्लाई पास्ट के नेतृत्व करने का गौरव प्राप्त था।

- **1000 रुपए न्यूनतम मासिक पेंशन योजना निलंबित करने की घोषणा**

  कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 1,000 रुपए न्यूनतम मासिक पेंशन योजना को निलंबित करने की घोषणा की। ईपीएफओ की 1,000 रुपए न्यूनतम मासिक पेंशन

योजना, सितंबर 2014 में लागू हुई थी। इस योजना के तहत उन लोगों की पेंशन राशि बढ़ाकर 1,000 रुपए महीना कर दी गई थी, जिन्हें इससे कम पेंशन मिल रही थी। इस योजना के स्थगित होने से लाभार्थियों को पुरानी दर से पेंशन मिलेगी।

- **सेबी ने मुद्रा व्यापार की सीमा को 15 लाख अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाया**

  सेबी ने 8 विनिमय व्यापार हेतु मुद्रा व्युत्पन्न (डेरिवेटिव) की सीमा को बिना किसी अंतर्निहित जोखिम के घरेलू और विदेशी निवेशकों के लिए 15 लाख अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाया। इससे पहले यह सीमा 10 लाख डॉलर थी।

- **तेलंगाना राज्य के नाम पर रखा गया मकड़ी की प्रजाति का नाम**

  थेमोसाइड परिवार से संबंधित मकड़ी का नाम तेलंगाना राज्य के नाम पर 'तेलंगाना क्रेब स्पाइडर' रखा गया। इन मकड़ियों को फूल मकड़ियों के नाम से भी जाना जाता है। क्योंकि ये फूलों में रहने वाले कीटों को अपना शिकार बनाती हैं। यह मकड़ियाँ पारंपरिक मकड़ियों की तरह जाल नहीं बुनती हैं। ये अचानक शिकार पर हमला करती हैं और अपने विष से उन्हें मार देती है।

- **फीफा द्वारा जारी विश्व फुटबाल रैंकिंग में भारत 147वें स्थान पर**

  'फीफा' द्वारा जारी विश्व फुटबाल रैंकिंग में भारत 147वें स्थान पर रहा। फीफा द्वारा जारी इस रैंकिंग में जर्मनी पोल पोजीशन (प्रथम स्थान) पर है। इस रैंकिंग के अनुसार एशियाई देशों में भारत का 24वां स्थान है। ब्राजील पांचवें स्थान पर पहुंच गया है।

- **ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेट कप्तान और क्रिकेट कमेंटेटर रिची बेनो का निधन**

  ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेट कप्तान और क्रिकेट कमेंटेटर रिची बेनो का निधन। रिची बेनो को 'वॉयस ऑफ क्रिकेट' भी कहा जाता था।

- **'विज़िट केरला 2015' अभियान का शुभारंभ**

  केरल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 'विजिट केरल 2015' अभियान की शुरुआत की गई। अभियान आयुर्वेद, जिम्मेदार पर्यटन और मसाले सहित राज्य के पर्यटन उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए केरल सरकार की एक पहल है।

- **आंगनबाड़ी केंद्रों में सुधार के लिए राजस्थान और वेदांता समूह ने समझौता किया**

  राजस्थान राज्य सरकार और वेदांता समूह की कंपनी हिन्दुस्तान जिंक ने पांच जिलों में 3056 आंगनबाड़ी केंद्रों में सुधार लाने के लिए एक समझौता किया। चुने गए पांच जिले हैं - उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भिलवाड़ा, राजसमंद और अजमेर।

- **दुखी किसानों के लिए राहत उपायों की घोषणा**

  रबी मौसम में बेमौसम बरसात की स्थितियों की वजह से परेशान किसानों को राहत पहुंचाने के लिए प्रमुख उपायों की घोषणा। अप्रत्याशित मौसम के हालातों की वजह से जिन किसानों के फसल को 33% का भी नुकसान हुआ हो वे भी इनपुट सब्सिडी के हकदार होंगे। अब तक 50% नुकसान होने पर ही किसानों को यह सब्सिडी प्राप्त होती थी। परेशान किसानों को दी जाने वाली इनपुट सब्सिडी को मौजूदा मात्रा के 50% तक बढ़ाया जाएगा।



www.crackgpsc.com

- **भारत ने दर्ज किया परमाणु ईंधन का रिकार्ड उत्पादन**

  भारत ने परमाणु उद्योग में परमाणु ईधन का रिकॉर्ड उत्पादन कर बड़ी सफलता प्राप्त की। भारत ने यूरेनियम बंडल का 1,252 मीट्रिक टन रिकॉर्ड उत्पादन दर्ज किया है। यह देश में परमाणु रिएक्टरों की वार्षिक क्षमता ईंधन जरूरतों का करीब दोगुना है। वर्तमान में भारत परमाणु शक्ति से 5780 मेगावाट के आसपास बिजली उत्पादन करता है।

- **धनुष प्रक्षेपास्त्र का सफलतापूर्वक परीक्षण**

  भारत ने परमाणु हथियारों को ले जाने में सक्षम धनुष प्रक्षेपास्त्र का उड़ीसा के बालेश्वर तट से सफलतापूर्वक परीक्षण से किया। धनुष स्वदेशी तकनीक पर निर्मित पृथ्वी प्रक्षेपास्त्र का नौसैन्य रूपांतरण है। इस की मारक क्षमता 350 किमी है। यह 500 किग्रा तक परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम है। धनुष सतह व समुद्र दोनों जगह स्थिम लक्ष्य को भेद सकता है।

- **संयुक्त राष्ट्र की चार महत्वपूर्ण सहायक संस्थाओं में भारत का चयन**
  - ✓ भारत यूनीसेफ के कार्यकारी बोर्ड में 13 अन्य देशों के साथ चुना गया। इसका कार्यकाल जनवरी 2016 से तीन साल के लिए होगा।
  - ✓ भारत विश्व खाद्य कार्यक्रम के कार्यकारी बोर्ड में पांच अन्य देशों के साथ 2016 से 2018 के लिए चुना गया। यह योजना साल में 80 देशों में करीब नौ करोड़ लोगों को खाद्यान्न मुहैया करती है।
  - ✓ भारत अपराध रोकथाम एवं आपराधिक न्याय (सीसीपीसीजे) के लिए चुने गए 20 देशों में शामिल है। वहां भी कार्यकाल 2016 से शुरू होगा।
  - ✓ भारत संयुक्त राष्ट्र मानव विकास कार्यक्रम (यूएन हैबिटैट) की संचालन परिषद के लिए फिर से चुना गया। इसका कार्यकाल 2016 से 2019 तक होगा।

- **वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भारत की क्रेटिड रेटिंग में सुधार किया**

  अमेरिका स्थित वैश्विक रेटिंग एजेंसी 'मूडीज' ने भारत की क्रेटिड रेटिंग में सुधार की घोषणा की। इसके तहत मूडीज ने भारत का आउटलुक स्टेबल से बढ़ाकर पॉजिटिव कर दिया। मूडीज ने भारत की बीएए3 रेटिंग बरकरार रखी।

- **राज्य पर्यावरण एवं वन मंत्री सम्मेलन में पर्यावरण रक्षा का संकल्प**

  राज्य पर्यावरण और वन मंत्री नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में संपन्न हुआ। सम्मेलन का समापन पर्यावरण की रक्षा करते हुए व्यापार करने में आसानी से सम्बंधित उपायों को अपनाने और उनमें सुधार करने के संकल्प के साथ हुआ।

- **राज्य आपदा राहत कोष के लिए नियमों में बदलाव**

  केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आपदाओं से सम्बंधित नियमों में संशोधन करने के लिए एक आदेश जारी किया। राज्य सरकारों को आवंटित धनराशि का 10% हिस्सा राज्य आपदा राहत कोष (एसडीआरएफ) के तहत उपकरणों पर खर्च करने की अनुमति होगी। क्षमता निर्माण पर एसडीआरएफ का अधिकतम 5% हिस्सा खर्च किया जा सकेगा। राज्य सरकारों को स्थानीय आपदाओं पर उनके एसडीआरएफ का 10% तक खर्च करने की अनुमति होगी। राज्य स्तर

www.crackgpsc.com

पर राज्य आपदा राहत कोष (एसडीआरएफ) का संविधान आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 48(I) के तहत प्रावधान है।

- **सियोल ने ग्लोबल अर्थ आवर केपिटल 2015 अर्थ सिटी चैलेंज जीता**

  साउथ कोरिया की राजधानी सियोल ने को वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) द्वारा आयोजित अर्थ आवर सिटी चैलेंज में ग्लोबल अर्थ आवर केपिटल 2015 का खिताब जीता। इसमें 16 देशों के 163 शहरों ने भाग लिया। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अपने व्यापक दृष्टिकोण तथा अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने के उपायों पर प्रभावी कदम उठाने के कारण सियोल को अर्थ आवर सिटी चैलेंज ज्यूरी द्वारा विजेता चुना गया। भारत के ठाणे को राष्ट्रीय अर्थ आवर केपिटल 2015 के रूप में नामित किया गया।

- **भारत सामाजिक प्रगति सूचकांक में 133 देशों में 101वें स्थान पर**

  अमेरिका की NGO सोशल प्रोग्रेस इम्पेरेटिव द्वारा प्रकाशित सामाजिक प्रगति सूचकांक (एसपीआई) में भारत 133 देशों में 101वें स्थान पर रहा। 2014 में भारत 132 देशों की सूची में 102वें स्थान पर था। शीर्ष पाँच देशों में नॉर्वे, स्वीडन, स्विटजरलैंड, आइसलैंड, नीदरलैंड्स और न्यूज़ीलैण्ड हैं। गिनी, अफगानिस्तान, चाड, मध्य अफ्रीकी गणराज्य निचले पायदान पर रहे।

- **सानिया मिर्जा विश्व की नंबर एक महिला युगल खिलाड़ी बनीं**

  भारतीय टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने स्विटजरलैंड की अपनी जोड़ीदार मार्टिना हिंगिस के साथ फेमिली सर्किल कप के महिला युगल का खिताब जीता। इस जीत के साथ ही सानिया विश्व की नंबर एक महिला युगल खिलाड़ी बन गईं। सानिया मिर्जा युगल या एकल किसी भी वर्ग में सर्वोच्च विश्व वरीयता पाने वाली पहली भारतीय और चौथी एशियाई महिला खिलाडी बन गईं।

- **पॉस्को को खनन लाइसेंस देने के ओडीशा का प्रस्ताव केंद्र सरकार द्वारा रद्द**

  पॉस्को को खनन लाइसेंस देने के ओडीशा सरकार के प्रस्ताव को केंद्र सरकार रद्द कर दिया। ये स्टील प्लांट ओडीशा के पारादीप में बनाया जाना प्रस्तावित है। केंद्र सरकार ने कहा कि अन्य कंपनियों की तरह पॉस्को को भी खंडहर और अन्य खदानों में खनन अधिकार के लिए खुली बोली में भाग लेना होगा।




www.crackgpsc.com

- **अन्तरराष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा परिषद की नौंवी बैठक का अध्यक्ष भारत**
  10 जून 2015 से शुरू होने वाली अन्तरराष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा परिषद (ईरेना) की नौंवी बैठक के लिए भारत का नाम अध्यक्ष राष्ट्र के तौर पर चुना गया। यह बैठक संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में आयोजित की जाएगी।

## ➢ 3rd week

➢ **अन्तरराष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा परिषद**

इसकी स्थापना 26 जनवरी 2009 को अंतर-सरकारी संगठन के रूप में बेहतर ऊर्जा भविष्य के उद्देश्य के साथ की गयी। इसके कुल 140 सदस्य हैं जिनमें भारत संस्थापक सदस्य के तौर पर शामिल है। ईरेना की दो प्रमुख संरचनायें हैं, ईरेना असेंबली तथा ईरेना काउंसिल। काउंसिल बड़े स्तर पर निर्णय लेती है तथा इसे समग्र नीति निर्देश देती है। परिषद सभा का प्रमुख निकाय है जो परिषद के सभी फैसलों के लिए उत्तरदायी है। केन्या के अदनान जेड अमीन इसके महानिदेशक हैं।

- **राज्यपालों को राज्य से बाहर जाने हेतु लेनी होगी राष्ट्रपति की मंजूरी**
  केंद्र सरकार ने राज्यपालों को राज्य से बाहर जाने हेतु राष्ट्रपति की मंजूरी लेने का निर्देश दिया। केंद्र सरकार के अनुसार राज्यपालों को अपने संबंधित राज्यों में साल में कम से कम 292 दिन रहना चाहिए और राष्ट्रपति की मंजूरी के बिना राज्य से बाहर नहीं जाना चाहिए।
- **सुप्रीम का एसिड हमले के शिकार लोगों के लिए मुफ्त इलाज का आदेश**
  भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने सभी निजी अस्पतालों को यह निर्देश जारी किया कि वे एसिड हमले के शिकार लोगों का मुफ्त एवं पूरा इलाज करें। यह निर्णय भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर जनहित याचिका (पीआईएल) लक्ष्मी बनाम संघ के अंतर्गत दिया गया।
- **भारत फ्रांस के बीच द्विपक्षीय सहयोग को नई गति देने के लिए समझौते**
  भारत और फ्रांस ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को नई गति प्रदान करने के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों ने रक्षा और परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, आर्थिक संबंधों, रेलवे, ऊर्जा, पर्यटन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, कौशल विकास और आयुर्वेद के क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इन समझौते पर हस्ताक्षर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फ्रांस के दौरे के दौरान किए गए। सबसे बड़ा समझौता राफैल फाइटर जेट को लेकर हुआ। भारत फ्रांस से 36 रेडी टू फ्लाई राफैल फाइटर जेट खरीदेगा। एलएंडटी और अरेवा टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के लिए एमओयू किया गया। इसरो और सीएनईएस के बीच 3 एमओयू हुए। सेमी हाई स्पीड ट्रेन के लिए समझौता हुआ। स्टूडेंट और स्किल्ड वर्कर को ज्यादा वीजा दिए जाने को लेकर भी समझौता हुआ। छात्रों के लिए वीआईई (वोलोनट्रेट इंटरनेशनल ईए इंटरप्राइज) स्कीम पर समझौता हुआ जो भारतीय छात्रों को फ्रांस में और फ्रांसिसी छात्रों को भारत में 24 माह की

www.crackgpsc.com

अवधि तक रूकने की अनुमति देती है। फ्रांस के राष्ट्रपति ने भारत में 2 बिलियन यूरो (लगभग 1 अरब डॉलर) का निवेश करने का ऐलान किया। उन्होंने भारत की तीन स्मार्ट सिटी में योगदान देने का भी ऐलान किया। जैतापुर परियोजना के तहत फ्रांस की कंपनी अरीवा छह परमाणु संयंत्र स्थापित करेगी जिससे करीब 10 हजार मेगावाट क्षमता का बिजली उत्पादन होगा। यह परियोजना बिजली की दर को लेकर मतभेद के कारण काफी समय से रूकी हुई थी।

- **दिल्ली में वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार निर्माण गतिविधियों पर रोक**

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने उन सभी निर्माण गतिविधियों पर रोक लगा दी है जो 2010 के तत्कालीन केंद्रीय पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा जारी किये गए दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करते।

- **गांधी नगर में भारत की पहली आईएफएससी गिफ्ट सिटी शुरू**

भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) का संचालन गांधीनगर में गिफ्ट सिटी में शुरू हुआ। इससे गुजरात के साथ-साथ देश की अर्थ व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। अनावरित किए गए नियमों का लक्ष्य दुबई और सिंगापुर की राह पर ही एक जीवंत आईएफएससी बनाना है।

- **रॉयल डच शेल पीएलसी ने बीजी समूह का अधिग्रहण किया**

रॉयल डच शेल पीएलसी ने लगभग 70 लाख अमेरिकी डॉलर में बीजी समूह का अधिग्रहण किया। एलएनजी एक शीत प्राकृतिक गैस है जिसका प्रयोग विद्युत् आपूर्ति तथा घरों में हीटिंग के लिए किया जाता है। यह अधिग्रहण चीन और भारत जैसे विकासशील देशों में कोयले की बजाय स्वच्छ प्राकृतिक गैस को ईंधन के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहन देने में भी सहयोगी है।

- **अपूर्वी चंदेला ने 10 मीटर एयर राइफल का कांस्य पदक जीता**

भारतीय निशानेबाज अपूर्वी चंदेला ने अंतरराष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ ) के राइफल /पिस्टल वर्ल्ड कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। इस जीत के साथ वह वर्ष 2016 में ब्राजील के रियो डी जनेरियो में होने वाले ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने वाली दूसरी भारतीय निशानेबाज बन गई।

- **बृजभूषण शरण सिंह भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष निर्वाचित**

बृजभूषण शरण सिंह चार साल के कार्यकाल के लिए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष के रूप में पुन:निर्वाचित किये गए। आई. डी. नानावटी व वी. एन. प्रसाद को क्रमश: वरिष्ठ उपाध्यक्ष और महासचिव के रूप में चुना गया। बृजभूषण उत्तर प्रदेश के गोंडा संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के सांसद हैं।

- **बाबा रामदेव को हरियाणा सरकार द्वारा कैबिनेट मंत्री का दर्जा**

हरियाणा राज्य ने योग गुरु बाबा रामदेव को कैबिनेट मंत्री के बराबर दर्जा देने का निर्णय लिया। सरकार ने बाबा रामदेव की देखरेख में राज्य में हर्बल वन क्षेत्र विकसित करने का

www.crackgpsc.com

फैसला लिया। इन हर्बल क्षेत्रों में आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों की हजारों प्रजातियां उगाई जाएंगी। हरियाणा के सभी स्कूलों में योग एक अनिवार्य विषय होगा जिसके लिए बाबा रामदेव के मार्गदर्शन में राज्य के 6500 गांवों में योगशालाओं का निर्माण किया जायेगा। इससे पहले राज्य सरकार ने बाबा रामदेव को हरियाणा में योग और आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया था।

- **यूक्रेन में नाज़ीवाद का प्रचार करने वाले संगठनों पर प्रतिबंध**
  यूक्रेन की संसद, वेर्खोवना राडा ने साम्यवाद और नाज़ीवाद को प्रतिबंधित करने के लिए एक कानून पारित किया। इस कानून का उद्देश्य ऐसे अपराधों को भविष्य में होने से रोकना तथा यूक्रेन की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संभावित खतरों को समाप्त करना है। यह साम्यवाद अथवा फ़ासिज़्म का प्रचार करने वाले सभी संगठनों, राजनीतिक दलों अथवा मीडिया संस्थानों पर रोक लगाता है।
- **युकी भांबरी ने आईटीएफ उजबेकिस्तान एफ1 फ्यूचर्स एकल का खिताब जीता**
  भारतीय टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी ने आईटीएफ उजबेकिस्तान एफ1 फ्यूचर्स एकल का खिताब जीत लिया। फाइनल में उन्होंने सार्बिया के दिमित्री जारमॉन्ट को हराया।
- **1971 युद्ध के हीरो लेफ्टिनेंट जनरल हनुट सिंह का निधन**
  1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान महावीर चक्र प्राप्तकर्ता और नायक लेफ्टिनेंट जनरल हनुट सिंह का निधन हो गया। लेफ्टिनेंट जनरल हनुट सिंह, संत जनरल सिंह के नाम से भी लोकप्रिय थे। सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने 'शिव बाला योगी' नामक आश्रम स्थापित किया था।
- **13वां संयुक्त राष्ट्र अपराध रोकथाम सम्मेलन का दोहा में उद्‌घाटन**
  13वां संयुक्त राष्ट्र अपराध रोकथाम और आपराधिक कानून सम्मेलन 2015 का कतर की राजधानी दोहा में उद्‌घाटन हुआ। इसका उद्‌घाटन कतर के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री अब्दुल्लाह बिन नासिर बिन खलिफ़ा अल-थानी ने किया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव बान की मून ने सम्मेलन में वैश्विक तौर पर मादक पदार्थों की तस्करी, अपराध की रोकथाम और भ्रष्टाचार विरोधी जैसे क्षेत्रों में समझौते संपन्न करने और इनका कार्यान्वयन करने की अपील की।
- **ब्रिटेन के मर्सिडीज चालक लुईस हैमिल्टन ने फॉर्मूला 1 का चीनी ग्रां. प्री जीता**
  ब्रिटेन के मर्सिडीज चालक लुईस हैमिल्टन ने फॉर्मूला 1 का चीनी ग्रां. प्री. खिताब जीत लिया। फॉर्मूला 1 के इतिहास में हैमिलटन किसी भी अन्य ब्रिटिश चालक की तुलना में अधिक दौड़ जीती हैं और 35 जीतों के साथ ऑल- टाइम लिस्ट में पांचवें स्थान पर हैं।
- **नोबेल पुरस्कार विजेता व जर्मन उपन्यासकार गुण्टर ग्रास का निधन**
  नोबेल पुरस्कार विजेता जर्मन उपन्यासकार गुण्टर ग्रास का निधन हो गया। वे एक उपन्यासकार, कवि, नाटककार, चित्रकार, ग्राफिक कलाकार, मूर्तिकार तथा वर्ष 1999 के लिए साहित्य में नोबेल पुरस्कार विजेता भी थे। उनके लेख मुख्यतः नाजी युग की भयावहता तथा

www.crackgpsc.com

जर्मनी की हार के बाद विनाश और अपराध पर आधारित हैं। वे अपने पहले उपन्यास टिन ड्रम के लिए जाने जाते हैं।

- **न्यूजीलैंड ने पुरुषों का सुल्तान अजलान शाह कप हाकी टूर्नामेंट जीता**

  ऑस्ट्रेलिया को हराकर न्यूजीलैंड ने साल 2015 का पुरुषों का सुल्तान अजलान शाह कप हाकी टूर्नामेंट जीत लिया। भारत की पुरुष हॉकी टीम ने दक्षिण कोरिया को पेनाल्टी के आधार पर हराते हुए सुल्तान अजलान शाह कप टूर्नामेंट में कांस्य पदक हासिल किया।
- **नासा ने क्षुद्रग्रह 316,201 का नाम मलाला युसुफ़ज़ई पर रखा**

  नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) की जेट प्रोपल्सन प्रयोगशाला ने क्षुद्रग्रह 316,201 का नाम 2014 की नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मलाला युसुफ़जई के नाम पर रखने की घोषणा की। यह क्षुद्रग्रह मंगल तथा बृहस्पति के बीच मुख्य क्षुद्रग्रह बेल्ट में स्थित है।
- **राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम 2014 अधिसूचित**

  केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम, 2014 और संविधान (99वां संशोधन) अधिनियम, 2014 को अधिसूचित किया। इसका उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय एवं देश के 24 उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति की मौजूदा प्रणाली में बदलाव लाना है। राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम को अधिसूचित करने के साथ ही यह कानून लागू हो गया और पुरानी प्रणाली खत्म हो गई। इस में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग' द्वारा सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के चयन के लिए एक पारदर्शी एवं व्यापक आधार वाली प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है। पूर्ववर्ती कॉलेजियम प्रणाली की तरह ही राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग' के अध्यक्ष भी भारत के प्रधान न्यायाधीश ही होंगे। राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग' के सदस्यों में सर्वोच्च न्यायालय के दो वरिष्ठ न्यायाधीश, केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री, भारत के प्रधानमंत्री की समिति द्वारा मनोनीत दो विख्यात व्यक्ति होंगें। दो विख्यात व्यक्तियों का चयन तीन सदस्यीय समिति करेगी। इस समिति में प्रधानमंत्री, भारत के प्रधान न्यायाधीश और लोकसभा में विपक्ष के नेता अथवा विपक्ष का नेता न होने की स्थिति में लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता शामिल होंगे। इस अधिनियम में यह प्रावधान किया गया है कि एक जाने-माने व्यक्ति को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्गों, अलपसंख्यकों अथवा महिलाओं के वर्ग से मनोनीत किया जाएगा। नये कानून में दो विख्यात व्यक्तियों की योग्यता क्या होगी यह तय नहीं किया गया है और न ही यह तय है कि वे किस क्षेत्र से चुने जाएंगे जबकि इन दो सदस्यों के पास बाकी के चार सदस्यों की राय पलटने का अधिकार होगा।
- **प्रधानमंत्री ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति फ्रेंकोइस हौलेंदे को ट्री ऑफ लाइफ पेंटिंग भेंट की**

  प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी फ्रांस यात्रा के दौरान फ्रांसीसी राष्ट्रपति फ्रेंकोइस हौलेंदे को ट्री ऑफ लाइफ पेंटिंग उपहार स्वरुप भेंट की। यह पेंटिंग भारत में प्रकृति के लिए पारंपरिक

www.crackgpsc.com

सामाजिक सम्मान को दर्शाती है। यह पेंटिंग एक ओडिशा कलाकार भास्कर महापात्र द्वारा रेशम पर बनायी गयी है।

- **वर्ष 2014 में भारत से विश्व में सबसे अधिक लोगों ने प्रवास किया**

  विश्व बैंक ने प्रवास तथा विकास संबधी संक्षिप्त पत्र जारी किया। 2014 में भारत से विश्व में सबसे अधिक लोगों ने प्रवास किया। पांच प्रमुख देश जिनमें सबसे अधिक लोगों ने जाना पसंद किया वे हैं संयुक्त राज्य अमेरिका, सऊदी अरब, जर्मनी, रूस और यूएई।

- **गोदरेज नेचर्स बास्केट ने अमेज़न के साथ समझौता किया**

  गोदरेज समूह के गोदरेज नेचर्स बास्केट ने भारत में अपने उत्पादों को बेचने के लिए अमेजन के साथ समझौता किया। इसके अंतर्गत खाद्य पदार्थों को बेचा जाएगा जिसमें ताजे फल और सब्जियां, पनीर, बेकरी उत्पाद, आइसक्रीम, डेसर्ट, नाश्ता और पैस्ट्रीज शामिल हैं।

- **विश्व बैंक ने दक्षिण एशिया आर्थिक फोकस रिपोर्ट जारी की**

  विश्व बैंक द्वारा दक्षिण एशिया आर्थिक फोकस रिपोर्ट जारी की गई। रिपोर्ट के अनुसार इस क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि दर 2015 में 7% और 2017 में 7.6% रहेगी। रिपोर्ट में इस वृद्धि का कारण तेल की कीमतों में गिरावट और भारी निवेश को बताया है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2017 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 8% रहेगी तथा यह वृद्धि दर 2015-16 में 7.5% रहने का अनुमान है। साथ ही वित्तीय वर्ष 2016 से 2018 तक निवेश दर में 12% की वृद्धि भी अनुमानित है।

- **चीन ने ताइवान का एआईआईबी का पूर्ण सदस्य बनने का प्रस्ताव खारिज किया**

  चीन ने उपयुक्त नाम की कमी के कारण एशियाई बुनियादी ढांचे के निवेश बैंक (एआईआईबी) का पूर्ण सदस्य बनने का ताइवान का प्रस्ताव खारिज कर दिया। ताइवान ने चीनी ताइपे नाम से आवेदन किया था। यह नाम अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति और एशियाई विकास बैंक द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा है। एशियाई क्षेत्र के विकास के लिए चीन द्वारा एशियाई बुनियादी ढांचे के निवेश बैंक (एआईआईबी) का प्रस्ताव रखा गया। चीन इस बैंक की स्थापना के लिए 50 बिलियन यूएस डॉलर का सहयोग दे रहा है। इस बैंक की स्थापना के लिए अक्टूबर 2014 तक 21 देशों ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। चीन के अलावा इस सूची में भारत, थाईलैंड और सिंगापुर शामिल हैं।

- **थाईलैंड में सोंगक्रन त्यौहार के दौरान सौ से अधिक लोगों की मौत**

  थाईलैंड के सोंगक्रन महोत्सव में 120 से अधिक लोग मारे गए तथा 1281 लोग घायल हो गए। सोंगक्रन महोत्सव थाईलैंड के पारंपरिक नव वर्ष की पूर्व संध्या पर मनाया जाने वाला पर्व है। इसे थाईलैंड वॉटर फेस्टिवल के नाम से भी जाना जाता है। इसमें थाई लोग अपने परिवारजनों एवं वरिष्ठ सदस्यों पर पानी छिड़कते हैं तथा भगवन बुद्ध के चित्रों पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

- **जोहान्सबर्ग में महात्मा गांधी की प्रतिमा विरूपित की गई**

दक्षिण अफ्रीका के सबसे बड़े शहर जोहांसबर्ग में कुछ लोगों के समूह ने महात्मा गांधी को नस्लवादी बताते हुए उनकी प्रतिमा को विरूपित कर दिया। शहर में लगी इस प्रतिमा के विषय में ऐसा माना जाता है की यह विश्व की एक मात्र ऐसी प्रतिमा हैं जिसमें गांधी जी को एक यूवा वकील के रूप में दिखाया गया है।

- **केंद्र सरकार ने नदियों को जोड़ने हेतु टास्क फोर्स का गठन किया**

  केन्द्रीय जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय ने नदियों को जोड़ने हेतु टास्क फोर्स का गठन किया। यह टास्क फोर्स देश में नदियों को जोड़ने से संबंधित कार्यक्रम का निरीक्षण करेगी। संघ लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य और गुजरात के मुख्यमंत्री के सलाहकार बीएन नवालावाला टास्क फोर्स की अध्यक्षता करेंगे।

- **एलेन डोनाल्ड का दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के गेंदबाजी के कोच पद से इस्तीफा**

  तेज गेंदबाज एलेन डोनाल्ड ने दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच के पद से इस्तीफा दिया। एलेन डोनाल्ड दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज थे। वह वर्तमान में इंडियन प्रीमियर लीग में रायल चैलेंजर्स बेंगलूर के गेंदबाजी कोच हैं। वह पहले दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर रहे, जिन्होंने 300 टेस्ट विकेट लिया।

- **भारत और बेलारूस द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने पर सहमत**

  भारत और बेलारूस व्यापार और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में अपने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए सहमत हुए। बेलारूस के विदेश मंत्री व्लादिमीर मकेई भारत की तीन दिन की सरकारी यात्रा पर थे।

- **एक मिनट में चार्ज होने वाली स्मार्टफ़ोन बैटरी का निर्माण**

  स्टैनफोर्ड शोधकर्ताओं ने एक ऐसी स्मार्टफ़ोन बैटरी बनाई है जो केवल एक मिनट में चार्ज हो सकती है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के रसायन शास्त्र के प्रोफेसर होन्जी डाई इस परियोजना के प्रमुख शोधकर्ता हैं। यह पहली एल्यूमीनियम बैटरी है जो कम समय में चार्ज होने वाली, लंबे समय तक चलने वाली तथा कम कीमत में उपलब्ध होगी। एल्यूमीनियम-इओन बैटरी स्मार्टफ़ोन में प्रयोग की जाने वाली लिथियम-इओन एल्कालाइन बैटरी का स्थान ले सकती है।

  - **एल्यूमिनियम बैटरी**

  एल्यूमिनियम बैटरी का प्रयोग विद्युत् ग्रिड में अक्षय ऊर्जा के संचय के लिए किया जा सकता है। इस बैटरी को हजारों बार रिचार्ज किया जा सकता है। एल्यूमीनियम-इओन टेक्नोलॉजी पर्यावरण के अनुकूल है। एल्यूमिनियम अपनी कम लागत, कम ज्वलनशीलता तथा उच्च भंडारण क्षमता के कारण भी प्रसिद्ध है।

- **भारत का चौथा प्रकाशस्तंभ संग्रहालय कन्नूर में खोला जाएगा**

  देश में प्रकाशस्तंभ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत का चौथा प्रकाशस्तंभ संग्रहालय केरल के कन्नूर में खोला जायेगा। अन्य तीन प्रकाशस्तंभ संग्रहालय केरल के अल्लापुज़ा, चेन्नई तथा तमिलनाडु के महाबलीपुरम में स्थापित किये गए हैं।

- **टेमासेक ने इनोवेन कैपिटल इंडिया का अधिग्रहण किया**

www.crackgpsc.com

सिंगापुर की प्रतिष्ठित निवेश फर्म टेमासेक ने इनोवेन कैपिटल इंडिया का 300 करोड़ रुपए में अधिग्रहण किया। इनोवेन कैपिटल इंडिया को पहले एसवीबी इंडिया फाईनेंस के नाम से जाना जाता था। इनोवेन कैपिटल इंडिया स्नैपडील, मिन्त्रा, फ्रीचार्ज तथा प्रेक्टो आदि कम्पनियों को वित्तीय ऋण सम्बंधित सेवाएं प्रदान करता है।

- **गैस आधारित बिजली परियोजना पर भेल और रूसी कंपनी के मध्य समझौता**
  भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) ने कजाखस्तान में एक गैस आधारित बिजली परियोजना स्थापित करने के लिए रूसी कंपनी आईएनटीएमए के साथ एक समझौता किया। वर्तमान में भेल की 75 से अधिक देशों में उपस्थिति है और 16 देशों में 23 प्रमुख परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रहा है।
- **सारिका के पूर्व संपादक और कथाकार अवध नारायण मुद्गल का निधन**
  हिंदी की पत्रिका सारिका के पूर्व संपादक एवं सातवें दशक के कथाकार अवध नारायण मुद्गल का निधन हो गया। अवध नारायण मुद्गल सातवें दशक में अपनी कहानियों को लेकर चर्चित हुए थे। 'कवंध' तथा एक 'फलगिं का सफरनामा' उनकी चर्चित पुस्तकें थी।
- **अमेरिकी राष्ट्रपति ने शामीना सिंह को महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत किया**
  अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भारतीय मूल की अमेरिकी महिला उद्यमी शामीना सिंह को एक महत्वपूर्ण सरकारी पद दिया है। उन्हें कॉर्पोरेशन फॉर नेशनल एंड कम्यूनिटी सर्विस (सीएनसीएस) के निदेशक मंडल का सदस्य नियुक्त किया गया है। शामीना सिंह मास्टरकार्ड के समावेशी वृद्धि केंद्र की कार्यकारी निदेशक हैं।
- **पूर्व नेपाली प्रधानमंत्री सूर्य बहादुर थापा का निधन**
  नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री सूर्य बहादुर थापा का निधन हो गया। वे राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के पूर्व अध्यक्ष थे। 50 वर्ष से भी अधिक के राजनैतिक कार्यकाल में वे 5 बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में निर्वाचित किये गए। वे पंचायत प्रणाली के पहले प्रधानमंत्री थे।
- **डॉ मोहन कुमार फ्रांस में भारत के नए राजदूत नियुक्त**
  वारिष्ट राजनयिक मोहन कुमार को फ्रांस का नया राजदूत नियुक्त किया गया। मोहन कुमार इस नियुक्ति से पहले बहरीन में भारत के राजदूत थे। वह अरुण कुमार का स्थान लेंगे जिन्हें पहले ही अमेरिका का राजदूत नियुक्त किया जा चुका है।
- **मीनाक्षी मदन राय सिक्किम उच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश**
  मीनाक्षी मदन राय ने सिक्किम उच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। मीनाक्षी को राज्यपाल श्रीनिवास पाटिल ने शपथ दिलाई। राय की नियुक्ति सिक्किम राज्य के तीसरे मुख्य न्यायाधीश के रूप में हुई है।
- **टूरिस्ट वीजा आन अराइवल का नाम ई-टूरिस्ट वीजा करने का फैसला**
  केंद्रीय गृह मंत्रालय ने टूरिस्ट वीजा आन अराइवल इलेक्ट्रानिक ट्रैवल ऑथोराइजेशन योजना का नाम ई-टूरिस्ट वीजा (ईटीवी) करने का फैसला किया। 'टूरिस्ट वीजा आन अराइवल' योजना के नाम से पर्यटकों में भ्रम की स्थिति बन रही थी। वे समझते थे कि पहुंचने के बाद

www.crackgpsc.com

वीजा मिलेगा हालांकि वर्तमान प्रणाली में विदेशी पर्यटकों को वीजा का पूर्व अधिकार यात्रा के पहले दिया जाता है।

- **भारत के पूर्वी तट पर 45 दिन तक मछली पकड़ने पर प्रतिबंध**

  अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सहित देश के पूर्वी तटीय क्षेत्र के जल क्षेत्र में 45 दिन तक मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। पश्चिमी तट और लक्षद्वीप स्थित विशिष्ट भारतीय आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में नौकाओं द्वारा मछली पकड़ने पर प्रतिवर्ष 15 जून से 31 जुलाई तक प्रतिबंध लगाया जाता है ताकि इस दौरान मछलियों को उनके प्रजनन में कोई असुविधा न हो।

- **तुर्की ने पहले परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर निर्माण कार्य शुरू किया**

  तुर्की ने भूमध्य सागर के तट पर आककूयू में देश के पहले परमाणु बिजली संयंत्र का निर्माण शुरू कर दिया। इस संयंत्र का निर्माण रशिया और तुर्की के 2010 के समझौते तहत किया जा रहा है जिसमे आककूयू में 20 बिलयन डॉलर से परमाणु बिजली सयंत्र का निर्माण करना तय किया गया था। इन परमाणु संयंत्रों के साथ तुर्की सरकार का ऊर्जा आत्मनिर्भरता लाने और रूस और ईरान जैसे देशों पर निर्भरता को कम करने का लक्ष्य है। तुर्की के नागरिकों द्वारा इस का विरोध किया जा रहा है। लोगों का अनुमान है की इस निर्माण से पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और यदि फुकुशीमा परमाणु संयंत्र की तरह कोई घटना घटती है तो भारी जान माल की हानि होगी।

- **बीएसएफ के जवानों के लिए टेलीमेडिसिन नेटवर्क की शुरूआत**

  सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अपने सैनिकों के लिए राष्ट्रव्यापी उपग्रह आधारित टेली-मेडिसिन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह सुविधा पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के कदमताल स्थित कम्पोजिट अस्तपताल से संचालित होगी। यह अस्पताल उपग्रह फोन और वी-सैट प्लेटफॉर्म के माध्यम से सीमा सुरक्षा बल की चौकियों से जुड़ा रहेगा। यह सुविधा सीमा सुरक्षा बल की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुरू की जा रही है।

- **सचिन तेंदुलकर प्रतिष्ठित लारेस स्पोर्ट्स अकादमी के सदस्य निर्वाचित**

  भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर प्रतिष्ठित लारेस स्पोर्ट्स अकादमी के सदस्य निर्वाचित किये गए। तेंदुलकर को चीन के शंघाई में 16वें लॉरेस वर्ल्ड स्पोर्ट्स पुरस्कार समारोह में सदस्य के रूप में नामित किया गया।

- **नॉरमैंडी समूह के विदेश मंत्रियों की पांचवी बैठक बर्लिन में आयोजित**

  नॉरमैंडी समूह के विदेश मंत्रियों की पांचवी बैठक बर्लिन में आयोजित की गयी। नॉरमैंडी चार देशों का समूह है जिसमें रूस, फ्रांस, जर्मनी तथा यूक्रेन शामिल हैं। इस समूह की स्थापना यूक्रेन की सेना तथा रूस समर्थित सैन्य बलों के बीच चल रहे संघर्ष का कूटनीतिक हल निकालने के लिए की गयी।

- **भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जर्मनी यात्रा संपन्न**

www.crackgpsc.com

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मनी का दौरा किया। यात्रा के दौरान मोदी ने जर्मनी की चांसलर एंजेला मार्केल, व्यापार जगत के नेताओं और विदेशों में बसे भारतीयों से मुलाकात की। उन्होंने एंजेला मार्केल के साथ हनोवर मेसे औद्योगिक मेले का उद्घाटन किया। हैनोवर व्यापार मेला दुनिया का सबसे बड़ा औद्योगिक मेला कहा जाता है। नरेंद्र मोदी ने एंजेला मार्केल के साथ हनोवर में भारत-जर्मनी व्यापार शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। जर्मनी के हनोवर शहर में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया और बर्लिन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पौत्र सूर्य कुमार बोस से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एंजेला मर्केल को नोबेल पुरस्कार विजेता सर सी. वी. रमन की कुछ पांडुलिपियों की प्रतिकृति व कुछ पत्र भेंट किए। दोनों देश विनिर्माण के क्षेत्रों में उन्नत सहयोग, कौशल विकास, शहरी विकास, पर्यावरण, नदियों की सफाई, भाषा और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी हेतु सक्रिय कदम उठाने के लिए सहमत हुए।

- **भारत और कनाडा के बीच यूरेनियम आपूर्ति के लिए परमाणु समझौता**

  भारत और कनाडा ने भारत को यूरेनियम आपूर्ति मुहैया कराने के लिए एक परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौता भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर द्वारा किया गया। समझौते के अनुसार केनेडियन केमको कोर्पोरेशन 2020 तक भारत को 7.1 लाख पाउंड यूरेनियम की आपूर्ति करेगा। यूरेनियम केमको के उत्तरी सेसकेशेवन स्त्रोतों से दिया जाएगा। केमेको कोर्पोरेशन विश्व का सबसे बड़ा यूरेनियम उत्पादक है। वर्तमान समय में भारत का ऊर्जा उपभोग के लिए विश्व में चौथा स्थान है तथा वह अपनी कुल बिजली उत्पादन का 3 प्रतिशत परमाणु ऊर्जा द्वारा प्राप्त करता है। उर्जा योजना के तहत भारत इस आंकड़े को 2050 तक 25% करना चाहता है।

- **भारतीय मूल की राज राजेश्वरी न्यूयॉर्क में न्यायाधीश नियुक्त**

  भारतीय मूल की अमेरिकी महिला राज राजेश्वरी को न्यूयॉर्क में न्यायाधीश नियुक्त किया गया। ये पहला मौका है जब कोई भारतीय मूल का व्यक्ति न्यूयॉर्क में न्यायाधीश नियुक्त किया गया हो।

- **मोदी को कनाडा के प्रधानमंत्री द्वारा प्राचीन भारतीय मूर्ति पैरेट लेडी भेंट**

  कनाडा के प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्राचीन भारतीय मूर्ति पैरेट लेडी भेंट की। पैरेट लेडी एक आदमकद मूर्ति है जो बलुआ पत्थर से बनी है। ऐसा माना जाता है कि यह लगभग 900 वर्ष पुरानी है। इसमें नायिका की पीठ पर एक तोता बैठा है। यह मूर्ति मध्य प्रदेश के खजुराहो मंदिरों में लगाने के लिए बनायी गयी थी।

- **दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में चार भारतीय**

  टाइम पत्रिका ने दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची जारी की। इस सूची में अमेरिकन रैपर और गायक कान्ये ओमरी वेस्ट शीर्ष स्थान पर रहे। लगातार तीसरे वर्ष पाकिस्तानी शिक्षा कार्यकर्ता मलाला युसुफ़जई सूची में सबसे कम उम्र की सदस्य हैं। सूची में चार भारतीय मूल के व्यक्तियों को शामिल किया गया है जिसमे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आईसीआईसीआई बैंक की प्रबंध



www.crackgpsc.com

निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंदा कोचर, माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्य नडेला, और, गैर सरकारी संगठन 'संगाथ' के सह-संस्थापक विक्रम पटेल शामिल हैं।

- **भारत ने परमाणु क्षमता वाले अग्नि-3 मिसाइल का सफल परीक्षण किया**

  भारत ने अपनी परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम अग्नि-3 बैलिस्टिक मिसाइल का ओडिशा के तटीय व्हीलर द्वीप से सफल प्रायोगिक परीक्षण किया। अग्नि-3 मिसाइल 3000 किमी से ज्यादा की दूरी तक मार कर सकती है। यह डेढ़ टन वजनी वारहैड ले जा सकती है।

- **विश्व विरासत दिवस 18 अप्रैल को विश्व भर में मनाया गया**

  18 अप्रैल 2015 को विश्वभर में विश्व विरासत दिवस (World Heritage Day) मनाया गया। यह दिवस विश्वभर में मूल्यवान संपत्ति और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और रक्षा हेतु जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है। वर्तमान में विश्व के कुल 160 देशों में कुल 981 विश्व विरासत स्थल हैं।

- **पत्रकार ओम थानवी 24वें बिहारी पुरस्कार 2014 से सम्मानित**

  प्रसिद्ध लेखक एवं पत्रकार ओम थानवी के. के. बिरला फाउंडेशन के 24वें बिहारी पुरस्कार 2014 से सम्मानित। ओम थानवी को यह प्रतिष्ठित सम्मान उनके यात्रा वृत्तांत 'मुअनजोदड़ो' (Muanjodoro) के लिए दिया जाएगा। बिहारी पुरस्कार राजस्थान के हिन्दी या राजस्थानी भाषा के लेखकों को प्रदान किया जाता है।

- **वर्ष 2015 के लॉरिअस वर्ल्ड स्पोर्ट्स पुरस्कार प्रदान किये गए**

  चीन के शंघाई में सात श्रेणियों के अंतर्गत लॉरिअस वर्ल्ड स्पोर्ट्स पुरस्कार दिए गए। सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच तथा इथियोपिया की धावक गेंज़ेबी डिबाबा को वर्ष 2015 के स्पोर्ट्समैन व स्पोर्ट्सवुमन के रूप में चुना गया। जर्मनी की पुरुषों की फुटबॉल टीम को लॉरिअस वर्ल्ड टीम ऑफ दि ईयर पुरस्कार दिया गया।

- **सुशांत लाहिड़ी और केट्टेश वी कट्टी को हेवेजी पदक पुरस्कार**

  प्रोफेसर सुशांत लाहिड़ी और केट्टेश वी कट्टी को रेडियो और परमाणु रसायन विज्ञान के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए हेवेजी पदक पुरस्कार (Hevesy Medal Award) 2015 से सम्मानित किया गया। सुशांत लाहिड़ी कोलकाता स्थित साहा परमाणु भौतिकी संस्थान में रसायन विज्ञान विभाग में प्रोफेसर हैं। केट्टेश वी कट्टी कोलंबिया स्थित मिसौरी विश्वविद्यालय के रेडियोलॉजिकल रिसर्च केंद्र में प्रोफेसर हैं। यह पुरस्कार रसायन विज्ञान के लिए नोबेल पुरस्कार प्राप्त रासायनिक वैज्ञानिक जार्ज डे हेवीजी के नाम पर है।

- **सत्य नडेला 'चैंपियन आफ चेंज' पुरस्कार से सम्मानित**

  माइक्रोसाफ्ट के भारतीय मूल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्य नडेला को 'चैंपियन आफ चेंज' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 'चैंपियंस ऑफ चेंज' का पुरस्कार उन्हें दिया जाता है जो कर्मचारियों के परिवारों की मदद करते हैं और अपनी कंपनी, समुदाय या संगठन में बीमारी भत्ता,

www.crackgpsc.com

समान वेतन आदि की वकालत करते हैं। सत्य नडेला माइक्रोसॉफ्ट के भारतीय मूल के पहले सीईओ है।

- **बेंगलुरु क्रिकेट स्टेडियम सौर संयंत्र वाला पहला स्टेडियम बना**

  बंगलुरु का चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम देश का पहला ऐसा क्रिकेट स्टेडियम बन गया है जिसकी छत पर सौर्य उर्जा संयंत्र लगाया गया है। देश में पहली बार किसी स्टेडियम की छत पर सौर उर्जा संयंत्र लगाएं गए हैं और संभवतः यह इस तरह की सुविधा वाला विश्व का पहला क्रिकेट स्टेडियम भी है।

- **मोदी की तीन देशों फ्रांस, जर्मनी और कनाडा की यात्रा संपन्न**
  - ✓ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन देशों फ्रांस, जर्मनी और कनाडा की यात्रा संपन्न। प्रधानमंत्री ने अपने नौ दिवसीय यात्रा के दौरान तीन देशों के नेताओं फ्रांस के राष्ट्रपति फ्रेंकोइस ओलांद, जर्मनी की चांसलर एंजेला मार्केल और कनाडा के प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर से मुलाकात की।
  - ✓ इस यात्रा के दौरान फ्रांस के साथ 36 राफेल विमानों की आपूर्ति और कनाडा के साथ यूरेनियम करार सहित विभिन्न महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।
  - ✓ फ्रांस और जर्मनी के साथ रक्षा और परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, आर्थिक संबंधों, रेलवे, ऊर्जा, पर्यटन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, कौशल विकास, आयुर्वेद, निर्माण, शहरी विकास, पर्यावरण, रेलवे, नदियों की सफाई, भाषा आदि समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।
  - ✓ भारत ने कनाडा के साथ यूरेनियम, वीजा, आतंकवाद, विदेशी निवेश संवर्धन और संरक्षण, कनाडा-भारत व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए।

- **केरल ने शराब की लत से मुक्त कराने के लिए 'सुबोधम' परियोजना शुरू की**

  केरल राज्य सरकार ने राज्य में लोगों को शराब की लत से मुक्त कराने के लिए सुबोधम परियोजना शुरू की। मुख्यमंत्री ओमान चांडी और आर्ट आफ लिविंग के संस्थापक श्री रविशंकर ने कोच्चि में यह परियोजना शुरू की। इस का उद्देश्य समाज को नशीले पदार्थो की लत से मुक्त करना है। इस परियोजना के जागरूकता अभियान के माध्यम से शराब की लत से हर वर्ष एक लाख लोगों को मुक्त करना है। राज्य सरकार इस परियोजना के माध्यम से अगले दस वर्षों में राज्य को पूरी तरह से शराब से मुक्त करने के लक्ष्य को प्राप्त करना चाहता है।

- **लिविंगस्टोन ने 138 गेंदों पर 350 रन बनाये**

  लंकाशायर के ऑलराउंडर खिलाड़ी लियम लिविंगस्टोन ने इंग्लैंड में खेले गए एक क्लब मैच में 138 गेंदों पर 350 रन बनाकर कीर्तिमान स्थापित किया। लिविंगस्टोन ने 2008 में हैदराबाद के निखिलेश सुरेंद्रन द्वारा बनाये गए 334 रन के रेकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। वनडे इंटरनैशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रेकॉर्ड भारत के रोहित शर्मा का है। रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ 264 रन की पारी खेली थी।

- **डॉ. नसीम जैदी ने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त के रुप में पदभार ग्रहण किया**



www.crackgpsc.com

डॉ. नसीम जैदी ने भारत के 20वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रुप में पदभार ग्रहण किया। डॉ. जैदी ने हरिशंकर ब्रह्मा का स्थान लिया। संविधान के अनुच्छेद 324(2) के अधीन मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति का अधिकार राष्ट्रपति को है। (19)

- **सीताराम येचुरी मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के महासचिव चुने गए**

  वरिष्ठ वामपंथी नेता सीताराम येचुरी मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी (सीपीएम) के महासचिव चुने गए। वे पार्टी के पांचवें महासचिव बनें। इस दल की स्थापना वर्ष 1964 में हुई थी।

- **ई-कचरा फैलाने में भारत दुनिया में पांचवें स्थान पर: संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट**

  संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एक रिपोर्ट वैश्विक ई-कचरा निगरानी 2014 (Global e-waste monitoring -2014) के अनुसार, ई-कचरा फैलाने में भारत दुनिया में पांचवें स्थान पर है। अमेरिका और चीन इस मामले में पहले एवं दूसरे स्थान पर हैं। भारत में वर्ष 2014 में 17 लाख टन ई-कचरा पैदा हुआ था। चीन और अमेरिका कुल मिलाकर विश्व का 32% ई-कचरा पैदा करते हैं।

- **मैरी कॉम स्टाकहोम अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ फिल्म घोषित**

  बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अभिनीत और उमंग कुमार द्वारा निर्देशित फिल्म 'मैरी कॉम' को स्वीडन में आयोजित 'स्टाकहोम अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह' (जूनियर) में सर्वश्रेष्ठ फिल्म घोषित किया गया। भारत की ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज मैरी कॉम के जीवन पर बनी इस फिल्म को समारोह में 'ब्रोंज हॉर्स' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार इस समारोह का सबसे बड़ा पुरस्कार है। इस समारोह में ज्यूरी 9 से 18 साल के बच्चों को बनाया गया था।

- **हिंदी दिवस पर दिए जाने वाले पुरस्कारों से इंदिरा और राजीव का नाम हटाया गया**

  केंद्र सरकार के राजभाषा विभाग ने हिंदी दिवस पर दिए जाने वाले पुरस्कारों के नामों से पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी का नाम हटा दिया। ये पुरस्कार हिंदी के प्रगतिशील तरीके से उपयोग के लिए प्रतिवर्ष दिए जाते हैं। 1986 में शुरू किया गया 'इंदिरा गांधी राजभाषा पुरस्कार' अब 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' के नाम से, जबकि 'राजीव गांधी राष्ट्रीय ज्ञान-विज्ञान मौलिक पुस्तक लेखन पुरस्कार' को अब 'राजभाषा गौरव पुरस्कार योजना' के नाम से जाना जाएगा।

www.crackgpsc.com

Must Visit



## ➢ 4th week

- **भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) घोटाले की जांच कर रही टीम का नेतृत्व विवेक प्रियदर्शी को सौंपा।**
- **भूमध्य सागर नौका हादसे में 800 से अधिक लोगों की मृत्यु**

  भूमध्य सागर में हुए नौका हादसे में 800 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई। ये लोग अफ़्रीकी देशों में पैदा हुए आतंरिक अशांति से बचने के लिए त्रिपोली से यूरोप की ओर रवाना हुए थे। लीबिया और दूसरे देशों में जारी आतंरिक हिंसा की वजह से भूमध्य सागर में होने वाले ऐसी दुर्घटनाओं में इज़ाफ़ा हुआ है।
- **व्यावसायिक बैंकों को ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ करार करने की मंजूरी**

  आरबीआई ने व्यावसायिक बैंकों को नए ग्राहकों को जोड़ने और अन्य व्यवसायिक लाभों के लिए ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ करार करने को अपनी मंजूरी दी। आरबीआई के इस मंजूरी से बैंको और ई-कॉमर्स कंपनियों को लाभ होगा।
- **पी 15 बी युद्धपोत 'विशाखापत्तनम' का जलावतरण किया गया**

  भारतीय नौसेना ने अपने नए व अब तक के सबसे बड़े विध्वंसक युद्धपोत विशाखापत्तनम का मुंबई के मझगाँव बंदरगाह से जलावतरण किया। यह युद्धपोत 7,300 टन वजनी है। इसे वर्ष 2018 में भारतीय नौसेना में औपचारिक तौर पर शामिल किया जाएगा। विशाखापत्तनम का निर्माण मझगांव डॉक्स लिमिटेड द्वारा किया गया है।
- **नोवाक जोकोविच ने मोंटे कार्लो मास्टर्स खिताब जीता**

  सर्बिया के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने दूसरी बार मोंटे कार्लो मास्टर्स खिताब जीता। इस जीत के साथ 27 वर्षीय जोकोविच सत्र के शुरूआती तीन मुकाबले जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।
- **21 जून को सभी विश्वविद्यालयों को योग दिवस मनाने का निर्देश**

  विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने 21 जून 2015 को सभी विश्वविद्यालयों को योग दिवस मनाने का निर्देश दिया। सितंबर 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की 69वीं बैठक में हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव मंजूर किया गया था। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन में इसका प्रस्ताव रखा था।
- **ओड़िशा के पूर्व मुख्यमंत्री जानकी बल्लभ पटनायक का निधन**

  असम के पूर्व गवर्नर और ओड़िशा के तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके जानकी बल्लभ पटनायक का निधन हो गया। वे 2009 से 2014 तक असम के गवर्नर भी रहे।
- **नीरज कुमार BCCI की भ्रष्टाचार-रोधी एवं सुरक्षा इकाई के मुख्य सलाहकार नियुक्त**

www.crackgpsc.com

दिल्ली पुलिस के पूर्व आयुक्त नीरज कुमार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की भ्रष्टाचार निरोधक और सुरक्षा इकाई के मुख्य सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया। उनका कार्यकाल 2016 तक एक वर्ष के लिए होगा।

- **वित्त वर्ष 2015-16 हेतु सामान्य भविष्य निधि पर ब्याज दर 8.7% निर्धारित**

  केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2015-16 के लिए सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) तथा अन्य संबद्ध योजनाओं पर ब्याज की दर 8.7% निर्धारित की। यह ब्याज दर 1 अप्रैल 2015 से लागू होगी।

- **जापान की दवा कंपनी दाइची सांक्यो ने अपने को सन फार्मा से अलग किया**

  जापान की दवा कंपनी दाइची सांक्यो (Daiichi Sankyo) ने अपने को सन फार्मा से अलग कर लिया। इसके तहत दाइची सांक्यो ने सन फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज में अपनी पूरी हिस्सेदारी (करीब नौ प्रतिशत) 20,420 करोड़ रुपये में बेच दी। ये शेयर उसे सनफार्मा में रैनबैक्सी के विलय के बाद मिले थे।

- **मिस्र के अपदस्थ राष्ट्रपति मोहम्मद मुर्सी को 20 वर्ष की कारावास की सजा**

  मिस्र की एक स्थानीय न्यायालय ने मिस्र के अपदस्थ राष्ट्रपति मोहम्मद मुर्सी को 20 वर्ष की कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने मोहम्मद मुर्सी द्वारा अपने शासन के दौरान प्रदर्शनकारियों की हत्या के मामले यह सजा सुनाई। मुर्सी के खिलाफ वर्ष 2011 की क्रांति के दौरान जासूसी, न्यायपालिका का अपमान करने और एक टीवी चैनल को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े दस्तावेज सौंपने के आरोप हैं।

- **चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग 'निशान ए पाकिस्तान' से सम्मानित**

  चीन के राष्ट्रपति शी-जिनपिंग को इस्लामाबाद में पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान निशान ए पाकिस्तान से सम्मानित किया गया। यह पाकिस्तान सरकार की ओर से दिया जाने वाला सबसे बड़ा नागरिक सम्मान और अलंकरण है।

- **रेल परियोजनाओं की ऑनलाइन निगरानी के लिए ई-समीक्षा लांच**

  भारतीय रेलवे ने रेल परियोजनाओं की ऑनलाइन निगरानी के लिए ई-समीक्षा को लांच किया। इसका उद्देश्य रीयल टाइम बेसिस पर भारतीय रेलवे में चालू विभिन्न परियोजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी करना है। इसमें रेल बजट प्रस्ताव भी शामिल हैं।

- **शाहरुख खान और जायन मलिक एशियन अवार्ड समारोह में सम्मानित**

  शाहरुख खान और वन डायरेक्शन बैंड के पूर्व गायक जायन मलिक को पांचवें वार्षिक एशियन अवार्ड समारोह में सम्मानित किया गया। शाहरुख खान को सिनेमा में उत्कृष्ट योगदान के लिए, मलिक को संगीत में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

- **22 अप्रैल को विश्वभर में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस मनाया गया**

  पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विश्वभर में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल 2015 को मनाया गया। वर्ष 2015 के अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस का विषय है -

www.crackgpsc.com

"इट्स अवर टर्न टू लीड"। अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस वर्ष 1970 से दुनिया भर में मनाया जा रहा है।

- **राजीव रंजन वर्मा रेलवे बोर्ड में रेल सुरक्षा बल के महानिदेशक नियुक्त**
  राजीव रंजन वर्मा को रेलवे बोर्ड में रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) का महानिदेशक नियुक्त किया गया। वर्मा वर्तमान में राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के महानिदेशक हैं।
- **मेकमाईट्रिप ने स्टार्ट-अप ट्रैवेल गाइड फर्म माईगोला का अधिग्रहण किया**
  ऑनलाइन यात्रा सेवाएं देने वाली कंपनी मेकमाईट्रिप ने स्टार्ट-अप ट्रैवेल गाइड फर्म माईगोला का अधिग्रहण कर लिया। मेकमाईट्रिप समूह ने माईगोला की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली। मेकमाईट्रिप समूह के सीईओ दीप कालरा है।
- **किशोर अपराध की आयु 18 वर्ष से घटाकर 16 वर्ष की गई**
  16 से 18 वर्ष के किशोर अपराधियों पर वयस्कों के लिए बने कानूनों के तहत मुकदमा चलाने के प्रस्ताव को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी। इसके तहत हत्या या बलात्कार जैसे संगीन मामलों में शामिल किशोरों को कम उम्र होने पर भी सज़ा मिल सकती है।
- **देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए 'टीबी मुक्त भारत' अभियान की शुरूआत**
  केंद्र सरकार ने देश को क्षय रोग (टीबी) मुक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 'टीबी मुक्त भारत' अभियान की शुरुआत की। इस अभियान को सफल बनाने के लिए एक टोल फ्री हेल्पलाइन जारी की जाएगी। जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति सिर्फ मिस्ड कॉल कर के इस बिमारी से सम्बंधित जरूरी मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेगा। इस अभियान का उद्देश्य देश को अगले 5 वर्षों में क्षय रोग (टीबी) मुक्त बनाना है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक विश्व के कुल क्षय रोग से पीड़ित लोगों में 25 प्रतिशत भारत में रहते हैं।
- **थॉमस बाख 'ही फॉर शी' अभियान के एम्बेसडर नियुक्त**
  यूएन वूमेन द्वारा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाख को 'ही फॉर शी' एम्बेसडर नियुक्त किया गया। 'ही फॉर शी' यूएन वूमेन द्वारा स्थापित लैंगिक समानता पर एक एकता अभियान है।
- **विश्व बैंक द्वारा पर्यावरण स्वास्थ्य तथा प्रदूषण प्रबंधन कार्यक्रम का आरंभ**
  विश्व बैंक ने प्रदूषण प्रबंधन और पर्यावरण स्वास्थ्य कार्यक्रम (पीएचईएम) का शुभारम्भ किया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ आधिकारिक तौर पर वाशिंगटन, डी.सी. में ग्लोबल सिटीज़न 2015 अर्थ डे के अवसर पर किया गया। यह कार्यक्रम 2015 से 2020 तक चलेगा जिसमें तेजी से बढ़ते शहरीकरण के कारण हवा की गुणवत्ता में बदलाव, प्रदूषण नियंत्रण के उपायों किये किये जाने वाले उपाय तथा पानी और भूमि प्रदूषण से निपटने के कार्यक्रम भी शामिल होंगे।
- **संयुक्त राष्ट्र ने 23 अप्रैल को विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस मनाया**
  संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने 23 अप्रैल 2015 को दुनिया भर में विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस मनाया। यह दिवस यूनाइटेड नेशंस एजुकेशनल, साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गनाइजेशन

www.crackgpsc.com

(यूनेस्को) द्वारा शुरू किया गया। विश्व पुस्तक दिवस मनाने की शुरुआत 23 अप्रैल 1995 को हुई।

- **रेल मंत्रालय ने 'यूटीएसओनमोबाइल' नाम से मोबाइल ऐप्लीकेशन लॉन्च की**

  रेल मंत्रालय ने कागज रहित अनारक्षित टिकट हेतु यूटीएसओनमोबाइल (utsonmobile) नाम से मोबाइल ऐप्लीकेशन (ऐप) लॉन्च की। इस का उद्देश्य अनारक्षित टिकटों की छपाई की आवश्यकता को समाप्त करना है।

- **शाहरुख खान दादा साहेब फाल्के फिल्म फाउंडेशन पुरस्कार 2015 से सम्मानित**

  अभिनेता शाहरुख खान को फिल्म हैप्पी न्यू ईयर में उनके अभिनय के लिए दादा साहेब फाल्के फिल्म फाउंडेशन पुरस्कार 2015 से सम्मानित किया गया।

- **आयकर विभाग प्रधानमंत्री लोक प्रशासन उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित**

  गुणवत्ता पूर्ण सेवा के माध्यम से सरल कर नियमों को लागू करने के लिए आयकर विभाग को प्रधानमंत्री लोक प्रशासन उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आयकर विभाग को यह पुरस्कार मूलभूत सेवाओं में हर प्रकार के समाधान देने के लिए प्रदान किया गया।

- **केंद्रीय खेल मंत्रालय ने पैरालम्पिक समिति को निलंबित किया**

  केंद्रीय खेल मंत्रालय ने 15वें राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के आयोजन में बेहद खराब प्रबंधन के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए भारतीय पैरालम्पिक समिति (पीसीआई) की मान्यता को निलंबित किया।

- **फिल्म अभिनेत्री एवं राजनेता जया प्रदा 'कलाश्री पुरस्कार' से सम्मानित**

  फिल्म अभिनेत्री एवं राजनेता जया प्रदा को 'कलाश्री पुरस्कार' से पुरस्कृत किया गया। यह पुरस्कार कला, मनोरंजन के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए 'दादा साहेब फाल्के फिल्म फाउंडेशन' ने उन्हें प्रदान किया।

- **चंद्रशेखर की समाधि का नया नाम जननायक स्थल रखा गया**

  शहरी विकास मंत्रालय द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की समाधि का नाम एकता स्थल से बदलकर जननायक स्थल रखा गया। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र एवं सांसद नीरज शेखर ने पिछले महीने शहरी विकास मंत्रालय को एक पत्र लिखकर यह प्रस्ताव दिया था। उन्होंने अपने प्रस्ताव में समाधि का नाम एकता स्थल से बदलकर जननायक स्थल रखने का आग्रह किया था। चंद्रशेखर भारत के नौवें प्रधानमंत्री थे।

- **ईपीएफओ को शेयर बाजारों में 5% निवेश करने की अनुमति**

  केंद्र सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) को वार्षिक कोष का 5% तक एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) में निवेश करने की अनुमति दी है। जिससे इस वित्त वर्ष शेयर बाजारों में 5000 करोड़ रुपये तक का निवेश आने का अनुमान है। ईटीएफ में निवेश की शुरुआत 1% से की जाएगी और इस वित्तीय वर्ष 2015-16 के अंत तक 5% के लक्ष्य को प्राप्त किया जाएगा।

- **गोरखा रेजिमेंट की पहली बटालियन ने स्थापना के 200 वर्ष पूरे किए**

www.crackgpsc.com

गोरखा राइफल्स की पहली बटालियन (1/1 जीआर) ने 24 अप्रैल 2015 को स्थापना के दो सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर पठानकोट, पंजाब में उत्सव मनाया। पहली गोरखा राइफल्स बटालियन की स्थापना 24 अप्रैल 1815 को की गई थी। इस बटालियन को अब 1/3 गोरखा राइफल्स के नाम से जाना जाता है।

- **24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया**

देश में 24 अप्रैल 2015 को तीसरा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। 1992 के 73वें संविधान संशोधन के तहत 24 अप्रैल 1993 को ग्राम, मध्यवर्ती और जिला स्तर पंचायतें अस्तित्व में आईं। पंचायती राज मंत्रालय प्रत्येक वर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के रूप में मनाने के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करता है। इस वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंचायतों से 'सरपंच पति संस्कृति' समाप्त करने का आह्वान किया। सरपंच पति संस्कृति का तात्पर्य सरपंच पत्नियों के कामकाज में पतियों की कथित दखल से है।

- **भारतीय मूल के विवेक हैलगेर मूर्ति अमेरिका के सर्जन जनरल बने**

भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक विवेक हैलगेर मूर्ति को उपराष्ट्रपति जो बाइडेन ने अमेरिका के सर्जन जनरल पद की शपथ दिलाई। इस पद पर पहुंचने वाले वह सबसे युवा और भारतीय मूल के पहले व्यक्ति हैं।

- **वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में स्विटरजरलैंड पहले स्थान पर**

संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक पहल के तहत सस्टेनेबल डिवेलपमेंट सलूशन नेटवर्क (एसडीएसएन) द्वारा 2015 की वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट प्रकाशित की गई। स्विटरजरलैंड वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में पहले स्थान पर है। वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में भारत 117वें स्थान पर है।

- **प्रधानमंत्री ने सेवाओं पर पहली वैश्विक प्रदर्शनी का उदघाटन किया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में सेवा क्षेत्र पर आयोजित की गई पहली वैश्विक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत को एक प्रमुख सेवा निर्यातक के रूप में विश्व के समक्ष स्वयं को प्रस्तुत करना है। भारत का सेवा क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में 57% योगदान देता है और भारत में चीन के बाद दुनिया सबसे तेजी से बढ़ता सेवा क्षेत्र है।

- **बीएसएनएल ने लैंडलाइन से दी मुफ्त कॉल की सुविधा**

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने अपने लैंडलाइन फोन कारोबार को बढ़ावा देने के लिए रात के समय फिक्स्ड फोन से मोबाइल फोन सहित किसी भी नेटवर्क पर असीमित संख्या में मुफ्त कॉल करने की सुविधा देने की घोषणा की है। यह सुविधा एक मई से लागू होगी। यह योजना रात 9 बजे से सुबह 7 बजे तक जारी रहेगी।

- **भारत-फ्रांस संयुक्त नौसैनिक अभ्यास 'वरुण' गोवा में आयोजित**

भारत-फ्रांस संयुक्त नौसैनिक अभ्यास वरुण का 14वां संस्करण गोवा में फ्रांसीसी नौसेना के जहाजों के आगमन के साथ आरंभ हुआ।

- **चीन और पाकिस्तान के बीच आर्थिक गलियारे के निर्माण के लिए समझौता**

चीन और पाकिस्तान ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के निर्माण के लिये 46 अरब डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते पर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने हस्ताक्षर किए। चीन 16400 मेगावाट बिजली पैदा करने के लिए ऊर्जा परियोजनाओं में 37 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा। दोनों देशों के बीच कुल 51 समझौते किए गए। ये समझौते बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, उर्जा उत्पादन, कृषि, शिक्षा, दूरसंचार और अनुसंधान क्षेत्र में किए गए। दोनों देश असैन्य परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष और समुद्री प्रौद्योगिकी, आतंकवाद का मुकाबला करने और रक्षा के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने पर सहमत हुए।

- **नेपाल में 7.9 रिक्टर तीव्रता का भूकंप**

  नेपाल में 7.9 रिक्टर तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र नेपाल में पोखरा से करीब 75 किलोमीटर दूर लामजुम में दर्ज किया गया। भूकंप से ऐतिहासिक काष्ठमंडप सहित कई प्राचीन मंदिर क्षतिग्रस्त हो गए। काष्ठमंडप लकड़ियों से बना 16वीं शताब्दी का स्मारक है, इससे ही नेपाल की राजधानी का नाम काठमांडू रखने की प्रेरणा मिली। काठमांडू की विश्व प्रसिद्ध स्मारक धरहरा मीनार भी भूकंप से ध्वस्त हो गई। धरहरा मीनार का निर्माण वर्ष 1832 में नेपाल के प्रथम प्रधानमंत्री भीमसेन थापा द्वारा करवाया गया था। भूकंप के झटके उत्तर भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश में भी महसूस किए गये। भारत ने भूकंप प्रभावित नेपाल में ऑपरेशन मैत्री नाम से राहत और बचाव कार्य शुरु किया।

- **भारतीय मूल के राजनयिक गोपीनाथ पिल्लई सिंगापुर में सम्मानित**

  भारतीय मूल के राजनयिक गोपीनाथ पिल्लई को सिंगापुर के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय द्वारा अपनी सेवाओं के लिए 'आउटस्टैंडिंग सीर्विस एवार्ड' से सम्मानित किया गया। वर्तमान में उन्हें सिंगापुर का 'एम्बेसडर एट लार्ज' और आंध्र प्रदेश राज्य का विशेष दूत नियुक्त किया गया है।

- **भारतीय मूल की वैज्ञानिक संगीता भाटिया ने 2015 का हेंज पुरस्कार जीता**

  मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में भारतीय मूल की वैज्ञानिक संगीता भाटिया को टिश्यू इंजीनियरिंग और रोग नियंत्रण के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने के लिए वर्ष 2015 का हेंज प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था और रोजगार पुरस्कार प्रदान किया गया।

- **भारतीय महिला बैंक ने 'एशियन बैंकर एचीवमेंट अवार्ड 2015' जीता**

  भारतीय महिला बैंक ने 'एशियन बैंकर एचीवमेंट अवार्ड 2015' का पुरस्कार जीता। भारतीय महिला बैंक को यह पुरस्कार नए बैंक की श्रेणी में सर्वोत्तम आउटसोर्सिंग परियोजना की श्रेणी में प्रौद्योगिकी के क्रियान्वयन के लिए यह पुरस्कार दिया गया। भारतीय महिला बैंक की चेयरमैन और प्रबंध निदेशक उषा अनंतसुब्रमणियन है।

- **अनिल कपूर दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित**

  बॉलीवुड के अभिनेता अनिल कपूर और मराठी अभिनेता दिलीप प्रभालकर को प्रतिष्ठित दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पंडित दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार

www.crackgpsc.com

लता मंगेशकर के पिता दीनानाथ मंगेशकर की स्मृति में वर्ष 1999 में स्थापित किया गया था।

- **भारत ने रोइंग में स्वर्ण पदक जीता**

  थाईलैंड के पट्टाया में आयोजित इंडोर रोइंग (नौका चालन) प्रतियोगिता में भारत ने एक स्वर्ण तथा एक कांस्य पदक जीता। इस श्रेणी में भारत की ओर से प्रदर्शन करते हुए दुष्यंत सिंह तथा सुच्चा सिंह तोमर ने स्वर्ण पदक जीता।

- **व्लादिमीर क्लिश्को ने 18वीं बार बॉक्सिंग खिताब अपने नाम किया**

  यूक्रेन के व्लादिमीर क्लिश्को ने हेविवेट बॉक्सिंग में लगातार 18वीं जीत दर्ज करके ख़िताब अपने नाम बनाये रखा। क्लिश्को ने अमेरिकी प्रतिद्वंदी ब्रायंट जेंनिंग्स को 12 राउंड तक चले मुकाबले में हराया।

- **मराठी साहित्यकार भालचंद्र नेमाडे 50वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित**

  मराठी साहित्यकार भालचंद्र नेमाडे को वर्ष 2014 के 50वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 1963 में उनके द्वारा लिखे गए उपन्यास कोसाला को मराठी साहित्य के मार्गदर्शक के रूप में जाना जाता है। भालचंद्र नेमाडे इस सम्मान को प्राप्त करने वाले चौथे मराठी साहित्यकार हैं।

- **नीदरलैंड्स के पीटर जेन ग्राफ यूएनएमईईआर के अध्यक्ष नियुक्त**

  संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने नीदरलैंड्स के पीटर जेन ग्राफ को इबोला आपातकालीन प्रतिक्रिया संयुक्त राष्ट्र मिशन (यूएनएमईईआर) के नए प्रमुख के रूप में नियुक्त किया है। 2013 से लेकर अब तक इस बिमारी से 10,800 लोगों की जान जा चुकी है। इस महामारी के 99% मामले लाइबेरिया, गिनी और सियरा लियोन में पाए गए हैं।

- **केंद्र सरकार ने लगभग 9000 एनजीओ का लाइसेंस रद्द किया**

  केंद्र सरकार ने लगभग 9000 ऐसे गैर सरकारी संगठनों के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में अपना वार्षिक वित्तीय रिटर्न नहीं दाखिल किया है।

- **रतन टाटा ने मोबाइल कंपनी शियोमी में हिस्सेदारी खरीदी**

  उद्योगपति रतन टाटा ने चीन की मोबाइल हैंडसेट बनाने वाली कंपनी शियोमी में हिस्सेदारी खरीदी। शियोमी में किसी भारतीय का यह पहला निवेश है। इससे पहले टाटा ने स्नैपडील, अर्बन लैडर, ब्लूस्टोन और कारदेखो डाट काम जैसी ई कामर्स कंपनियों में निवेश किया है।

- **भारत प्रेसिडेंट्स कप मुक्केबाजी टूर्नामेंट में पहली बार चैंपियन बना**

  भारत पहली बार 22वें प्रेसिडेंट्स कप ओपन अन्तरराष्ट्रीय बॉक्सिंग टूर्नामेंट में चैंपियन बना। भारत ने 4 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक जीतकर 33 अंक प्राप्त करके टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल किया। मंगोलिया को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। महिला श्रेणी में शम्जेत्स्बम सरजुबाला तथा पिंकी जांगड़ा ने क्रमशः 48 किलोग्राम तथा 51 किलोग्राम वर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किये। पुरुषों के वर्ग में राकेश कुमार तथा हरपाल सिंह ने 69 किलोग्राम व 75 किलोग्राम में स्वर्ण हासिल किया।

www.crackgpsc.com

- **राजस्थान में सैन्य अभ्यास 'आक्रमण-II' आयोजित किया गया**

  भारतीय सेना ने राजस्थान में सैन्य अभ्यास 'आक्रमण द्वितीय' का आयोजन किया। इस सैन्य अभ्यास का उद्देश्य रेगिस्तानी क्षेत्र में सेना को प्रदान किए गए हथियारों की क्षमता का परीक्षण करना था।

- **लोरेटा लिंच अमेरिका की पहली अफ्रीकी अमेरिकी महिला अटॉर्नी जनरल बनी**

  लोरेटा लिंच ने संयुक्त राज्य अमेरिका के 83वें अटॉर्नी जनरल के रूप में शपथ ग्रहण की। वे देश की शीर्ष कानून प्रवर्तन अधिकारी के रूप में सेवा करने वाली पहली अफ्रीकी-अमेरिकी महिला हैं। वह हाई प्रोफाइल आतंकवाद विरोधी मामलों के लिए जानी जाती है।

- **ग्रामीण शिक्षा में बदलाव के लिए मोबाइल विज्ञान प्रयोगशाला का शुभारम्भ**

  देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पाएदक कंपनी राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) ने ग्रामीण भारत में शिक्षा सुविधाओं से वंचित छात्रों के लिए मोबाइल विज्ञान प्रयोगशाला (एमएसएल) की शुरुआत की है। एमएसएल एक वाहन है जो एलसीडी टीवी से लैस है। एमएसएल का उद्देश्य सुविधाओं से वंचित बच्चों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में ही विज्ञान शिक्षा और ग्रामीण शिक्षा में परिवर्तन लाना है।

- **सरकार ने राष्ट्रीय आपदा हेल्पलाइन 1078 शुरु की**

  भारत सरकार ने भूकंप प्रभावित नेपाल में राहत एवं बचाव कार्यों को बल देने के लिए राष्ट्रीय आपदा हेल्पलाइन 1078 शुरू की। इस सेवा से कोई भी व्यक्ति अपने सगे-संबधियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है।

- **विकास गौड़ा ने अमेरिका में चक्का फेंक स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता**

  भारत के चक्का फेंक खिलाड़ी विकास गौड़ा ने अमेरिका में चक्का फेंक स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। अमेरिका के सेन डियोगो के ला जोला में आयोजित 'ट्राइटन इनविटेशनल टूर्नामेंट-2015' में 65.75 मीटर के लक्ष्य के साथ गौड़ा ने यह स्पर्धा जीती।

- **यशवंत सिन्हा फ्रांस के 'नाइट ऑफ द लिजन ऑफ ऑनर' से सम्मानित**

  पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत सिन्हा को राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में उत्कृष्ट सेवा के लिए फ्रांस के सर्वोच्च सम्मान 'नाइट ऑफ द लिजन ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया। यशवंत सिन्हा ने विदेश मंत्री के रुप में अटल बिहारी वाजपेयी की वर्ष 1998 में पेरिस यात्रा के दौरान भारत-फ्रांस सामरिक भागीदारी को मजबूत बनाने में योगदान दिया था। 'नाइट ऑफ द लिजन ऑफ ऑनर' सम्मान की शुरुआत वर्ष 1802 में नेपोलियन ने की थी। फ्रांस और दूसरे देशों के नागरिकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके योगदान के लिए यह सम्मान दिया जाता है।

करन्ट शतक
Most Imp करन्ट अफेर्स हिन्दी में
वस्तुनिष्ठ प्रश्नों उत्तर के साथ
Also available in English

www.crackgpsc.com

- **इसरो ने स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया**

  भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने तमिलनाडू के महेंद्रगिरी जिले के इसरो संचालन परिसर से स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। यह इंजन चार टन वजन वाले उपग्रहों को भू स्थैतिक कक्षा में पहुंचाने और भारत द्वारा चलाए जा रहे जांच एवं मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगा।

➢ **क्रायोजेनिक इंजन**

  ✓ क्रायोजेनिक इंजन को क्रायोजेनिक इंजन कहने के पीछे कारण यह है की यह इंजन क्रायोजेनिक तापमान पर कार्य करता है। -238 डिग्री फॉरेनहाइट को क्रायोजेनिक तापमान कहा जाता है। इतने कम तापमान पर इंजन में प्रयोग किए जाने वाले ईंधन यानी ऑक्सीजन और हाइड्रोजन तरल अवस्था में आ जाते हैं। फायदे : (1) तरल प्रणोदक से 4.4 किमी प्रति सेकंड की गति प्राप्त की जा सकती है। (2) तरल प्रणोदक के प्रयोग से अच्छा अपलिफ्ट मिलता है। (3) गैसीय अवस्था में इतने ज्यादा अपलिफ्ट को प्राप्त करने के लिए इंजन को बड़ा बनाना पड़ता जिससे प्रक्षेपण वाहन का भार बहुत बढ़ जाता और उसको गुरुत्वाकर्षण के विपरीत प्रक्षेपित करना और जटिल हो जाता। क्रायोजेनिक ईंधन सर्वाधिक स्वच्छ ईंधन है क्योंकि इससे जलने पर सिर्फ जल ही अपशिष्ट के तौर पर निकलता है।

- **प्रो. के. विजय राघवन एनएएस के विदेशी एसोसिएट के रूप में शामिल**

  बायो टेक्नोलॉजी विभाग के सचिव प्रो. के. विजय राघवन को वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रीय साइंस अकादमी (एनएएस) के विदेशी एसोसिएट के रूप में शामिल किया गया। अमेरिकी राष्ट्रीय साइंस अकादमी (एनएएस) की सदस्यता विज्ञान में उत्कृष्ट स्वीकार्यता के लिए दी जाती है और यह वैज्ञानिकों के लिए सर्वोच्च सम्मान है। एनएएस में 2250 सदस्य हैं और 440 के लगभग विदेशी एसोसिएट हैं। इनमें से लगभग 200 वैज्ञानिकों को नोबल पुरस्कार प्राप्त हो चुका है।

- **ऑस्कर विजेता छायाकार एंड्रयू लेस्नी का निधन**

  "लॉर्ड ऑफ़ दि रिंग्स" एवं "दि होबिट" जैसी प्रसिद्ध फिल्मों के छायाकार एंड्रयू लेस्नी का निधन हो गया। ऑस्ट्रेलिया में जन्में लेस्नी ने वर्ष 2002 में पीटर जैक्सन द्वारा निर्देशित "लॉर्ड ऑफ़ दि रिंग्स" के लिए अकेडमी अवार्ड प्राप्त किया। उनकी अंतिम फिल्म रस्सल क्रो द्वारा निर्देशित "दि वॉटर डिवाइनर" थी।

- **विश्व बैंक द्वारा 2015-16 में भारत की सकल जीडीपी 7.5% रहने का अनुमान**

  विश्व बैंक तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने जारी किये एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2015-16 में भारत की सकल घरेलू विकास दर (जीडीपी) 7.5% रहने की उम्मीद जताई है। इससे पहले ग्लोबल रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने 24 अप्रैल 2015 को विकास दर 7.9 रहने का अनुमान लगाया था। वर्ल्ड बैंक के अनुसार भारत की विकास दर वर्ष 2017 तक 8% तक

www.crackgpsc.com

पहुँचने का अनुमान है। आईएमएफ के अनुसार 7.5 फीसदी विकास दर के साथ 2015-16 में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व के सबसे तेज उभरती अर्थव्यवस्था बन जाएगी।

- **वर्ल्ड टीम चेस चैंपियनशिप में भारत को नौंवां स्थान**

  वर्ल्ड टीम चेस चैंपियनशिप में भारत को नौंवां स्थान प्राप्त हुआ। चीन 15 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहा जबकि यूक्रेन दूसरे नंबर पर रहा। ऐसा पहली बार है जब किसी एशियाई टीम ने यह ख़िताब हासिल किया हो। विश्व शतरंज टीम चैंपियनशिप हर दो साल आयोजित होती है।

- **अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस विश्व स्तर पर मनाया गया**

  विश्व नृत्य दिवस या अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस 29 अप्रैल 2015 को विश्व स्तर पर मनाया गया। महान रिफॉर्मर जीन जार्ज नावेरे के जन्म दिवस की स्मृति में यूनेस्को के अंतरराष्ट्रीय थिएटर इंस्टिट्यूट की अंतरराष्ट्रीय नृत्य परिषद ने 29 अप्रैल 1982 को अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा की।

- **भूकंप के कारण काठमांडू 10 फुट दक्षिण में खिसका**

  यूनिवर्सिटी ऑफ़ कैंब्रिज के टेकटॉनिक्स विशेषज्ञ जेम्स जैक्सन ने नेपाल में आये विनाशकारी भूकंप के दौरान पैदा होने वाली ध्वनि तरंगों द्वारा प्राप्त आंकड़ों का शोध करके रिपोर्ट जारी की जिसमें उन्होंने बताया कि राजधानी काठमांडू 10 फुट (3 मीटर) दक्षिण में खिसक गयी है। भूकंप की वजह से इंडियन प्लेट के यूरेशियन प्लेट के नीचे खिसकने से पैदा हुए घर्षण के कारण कारण पृथ्वी का 7,200 वर्ग किलोमीटर भूभाग अपनी जगह से तीन मीटर ऊपर उठ गया। इस खिंचाव से 79 लाख टन टीएनटी ऊर्जा निकली जिससे पृथ्वी की धुरी पर भी असर पड़ा। यह हिरोशिमा में हुए एटमी धमाके से निकली ऊर्जा से 504.4 गुना ज्यादा थी।

- **दिल्ली सरकार द्वारा गजेंद्र सिंह के नाम पर किसान मुआवजा योजना**

  दिल्ली सरकार ने गजेन्द्र सिंह के नाम पर किसान मुआवजा योजना की स्थापना के लिए मंजूरी दी। गजेन्द्र सिंह ने आप की रैली के दौरान खुद को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इसके अलावा सरकार ने गजेन्द्र को शहीद का दर्जा देने तथा उसके परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का भी फैसला लिया।

- **रेलवे ने 5वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप जीती**

  रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी) ने 5वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप 2015 जीती। अर्पित चौधरी (झारखंड) सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर और अमित रोहिदास (रेलवे) सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर घोषित।

- **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का प्रतीक चिन्ह जारी किया गया**

  नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का प्रतीक चिन्ह जारी किया गया। यह प्रतीक चिन्ह आयुष मंत्रालय द्वारा गठित किए गए योग विशेषज्ञों की एक समिति द्वारा चयनित किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाने का विचार प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी द्वारा सितंबर 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण के दौरान प्रस्तावित किया गया। दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा सर्वसम्मति से 21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। यह संकल्प 75 दिनों के रिकार्ड समय के भीतर पारित किया गया और इसमें सभी 177 देश एक पक्ष में आए जो की एक विश्व रिकॉर्ड था।

- **जॉर्जिया ने महिला विश्व टीम शतरंज चैंपियनशिप जीती**

  जॉर्जिया ने महिला विश्व टीम शतरंज चैंपियनशिप जीती। जॉर्जिया ने चीन को हरा कर 17 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। रुस ने रजत पदक और चीन ने कांस्य पदक जीता। मारिया मुजीचुक को वर्ष 2015 का महिला विश्व चैंपियन घोषित किया गया।

- **सऊदी अरब : मोहम्मद बिन नायेफ क्राउन प्रिंस नियुक्त**

  सऊदी अरब के शाह सलमान बिन अब्दुल अजीज ने अपने भतीजे मोहम्मद बिन नायेफ को क्राउन प्रिंस (युवराज) नियुक्त किया और अपने बेटे मोहम्मद-बिन-सलमान को डिप्टी क्राउन प्रिंस (युवराज) नियुक्त किया।

- **फ्लिप्कार्ट ने एपिटेरेट का अधिग्रहण किया**

  फ्लिप्कार्ट ने एपिटेरेट का अधिग्रहण करने की घोषणा की। एपिटेरेट ई-कॉमर्स कंपनियों को अधिक ग्राहक मुहैया कराने के लिए पुश नोटिफिकेशन तथा इन-एप्प मेसेज प्रदान कराती है। एपिटेरेट ने वर्ष 2014 में 5,00,000 डॉलर से अधिक का मुनाफा हासिल किया था जिसमें फेसबुक, लाइम रोड तथा सेफ रोड्स जैसे निवेशक शामिल हैं।

- **'प्रॉपटाइगर डॉट कॉम' ने 'मकान डॉट कॉम' का अधिग्रहण किया**

  रियल एस्टेट पोर्टल प्रॉपटाइगर डॉट कॉम ने सेकेंडरी प्रोपर्टी मार्केट के बाजार में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने हेतु मकान डॉट कॉम (Makaan.com) का अधिग्रहण किया।

- **1000 रुपये की न्यूनतम मासिक पेंशन योजना को जारी रखने की मंजूरी**

  केंद्रीय कैबिनेट ने 1000 रुपये की न्यूनतम मासिक पेंशन योजना को जारी रखने को मंजूरी प्रदान की। 1000 रुपये की न्यूनतम मासिक पेंशन योजना मार्च 2015 तक ही लागू थी। इस फैसले से एम्प्लॉयीज प्रॉविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन की पेंशन स्कीम के तहत आने वाले करीब 20 लाख सेवानिवृत्त लोगों को फायदा होगा।

- **गोपीनाथ पिल्लई का गेटवे डिस्ट्रीपार्क्स लिमिटेड के अध्यक्ष पद से इस्तीफा**

  गोपीनाथ पिल्लई ने गेटवे डिस्ट्रीपार्क्स लिमिटेड के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया। गेटवे डिस्ट्रीपार्क्स लिमिटेड कंपनी के संस्थापक गोपीनाथ पिल्लई ने इस कंपनी के साथ 19 वर्षों तक काम किया। वर्तमान में वह आईटी कंपनी स्टैंडर्ड्स केबल्स के अध्यक्ष हैं। पिल्लई पिछले 25 वर्षों से एक राजनयिक के रूप में सिंगापुर में अपनी सेवा दे रहे हैं।

- **सिम्प्लॉट फूड प्रोसेसिंग पर जल प्रदूषण के आरोप में 6,30,000 डॉलर का जुर्माना**

  चीन ने अमेरिकी फास्ट फूड कंपनी मैक्डोनाल्ड को फ्रेंचफ्राई देने वाली फर्म पर जल प्रदूषण करने के आरोप में अब तक का सबसे बड़ा जुर्माना लगाया। चीन की अदालत ने बीजिंग

www.crackgpsc.com

सिम्प्लॉट फूड प्रोसेसिंग पर जल प्रदूषण के आरोप में 6,30,000 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया, जो इस तरह के मामलों में सबसे बड़ा जुर्माना है।

- **सेशेल्स विश्व व्यापार संगठन का 161वां सदस्य बना**

  सेशेल्स विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का 161वां सदस्य बन गया। इस के साथ ही 90,000 निवासियों की जनसंख्या वाला सेशल्स द्वीपसमूह डब्ल्यूटीओ के सबसे छोटे क्षेत्र वाले सदस्यों में से एक बन गया। यह विश्व की प्रमुख मौद्रिक संस्था है जो विश्व व्यापार के लिये दिशा-निर्देशों को जारी करती है तथा सदस्य देशों को उनकी आवश्यकता एवं मांग के अनुसार ऋण उपलब्ध कराती है।




100 प्रश्नों का खजाना
Most Imp करन्ट अफेर्स हिन्दी में
करन्ट शतक
वस्तुनिष्ठ प्रश्नों उत्तर के साथ

www.crackgpsc.com